गैरसैंण, सोमवार
11 नवम्बर 2024
वर्षः 16
अंकः 179 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

केदारनाथ धाम और आसपास से 30 टन प्लास्टिक कचरा निकाला

नैनीताल।केदारनाथ धाम को प्लास्टिक मुक्त करने का जिम्मा नैनीताल के प्रकृति प्रेमी एवं युवा ट्रैकर सत्यम भट्ट ने उठाया है। सत्यम ने अपने एक्सप्लोरर ग्रुप के साथ मिलकर चार दिन केदारनाथ में अभियान चलाया। 22 किमी ट्रैकिंग रूट समेत मंदिर के आसपास प्लास्टिक और कूड़े की सफाई की। सत्यम ने बताया कि उन्होंने अपने ग्रुप ह्यद एक्सप्लोरर टूबी अ गुड ट्रैवलर और विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के सहयोग से केदारनाथ और आसपास के ट्रैक को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया ' उनकी टीम के 20 सदस्य शामिल थे। केदारनाथ से लगभग 30 टन कूड़ा निकाला गया ' जिसे नगरपालिका की मदद से केदारनाथ से नीचे लाया गया और कूड़े का निस्तारण किया गया ' उन्होंने बताया कि हिमालयी क्षेत्रों में लोग घूमने जाते हैं, तो अपने साथ उन्हें प्लास्टिक का सामान नहीं ले जाना चाहिए ' सबसे ज्यादा प्लास्टिक की बोतल कूड़े से निकली। केदारनाथ ट्रैक में जगह–जगह पर पानी के स्रोत हैं ' पानी की बोतल खरीदने से बेहतर है, कि लोग अपने साथ घर से बोतल लेकर जाएं और स्रोतों से भरते रहें।

युवक की लाश मिली

ऋषिकेश। शक्तिनहर में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने नहर से शव को बाहर निकाला। आसपास के लोगों से पूछताछ में युवक की पहचान नहीं हो पाई है, जिसके चलते शव का पंचनामा भर उसे शिनाख्त होने तक 72 घंटे के लिए एम्स की मोर्चरी रखवाया गया है। लक्ष्मणझूला पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि कुनाऊ गांव के पास शक्तिनहर में एक युवक का शव तैर रहा है। फौरन पुलिसकर्मी और एसडीआरएफ जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने नहर से बामुश्किल शव को रस्सी के सहारे बाहर निकाला। एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि शव नहर में बहकर यहां तक आया है। युवक की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। बताया कि शव करीब सात दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पहचान के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों की पुलिस को सूचित किया गया है।

हरिपुर में चोरों ने बंद घर खंगाल कर लाखों के जेवर उड़ाए

विकासनगर। हरिपुर में चोरों ने ट्रांसपोर्ट कर्मचारी के बंद घर को खंगालकर नौ हजार की नगदी समेत लाखों के सोने के जेवरों पर हाथ साफ किया। बताया जा रहा है कि परिवार दीपावली मनाने गुवाहाटी गया था। घर लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला। चोर की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी प्रकाश भट्ट बीते आठ साल से सेलाकुई के हरिपुर में किराये के मकान में रह रहे हैं। दीपावली पर वह अपने बेटे पास परिवार सहित गुवाहाटी गए थे, तब से घर बंद पड़ा था।

रविवार सुबह उनके मकान मालिक ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके कमरे के ताले टूटे हुए हैं और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलने पर देर शाम वह सेलाकुई पहुंचे। बताया कि घर में रखे नौ हजार की नगदी के साथ ही एक सोने की चेन, सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, तीन जोड़ी कान की बालियां, सोने का पेंडेंट, लैपटॉप समेत अन्य सामान चोर ले गए। उधर, थानाध्यक्ष सेलाकुई शैंकी कुमार ने बताया कि हरिपुर में चोरी की जानकारी है, लेकिन अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

चार वर्षीय किशोर की मौत

उत्तरकाशी। पुरोला विकासखण्ड के अंतर्गत तहसील मुख्यालय से 9 किमी मांडिया गांव में रविवार को चार वर्षीय किशोर पर ततैया के हमला करने से घायल हो गया। जिसकी प्राथमिक उपचार के लिए पुरोला अस्पताल लाते हुए रास्ते में ही मौत हो गई। मामला पुरोला गुंदियाटगांव न्याय पंचायत के मांडिया गांव का है, जहां शनिवार को स्कूल से घर आते हुए दोनों भाई बहन रिया और चार वर्षीय रिहान पर अचानक ततैयों ने हमला कर दिया।

बाबा सिद्दीकी को गोली मारने वाला शूटर शिवा गिरफ्तार

• नेपाल भागने की फिराक में था

दिल्ली। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एक शूटर को यूपी एसटीएफ और मुंबई क्राइम ब्रांच की ज्वाइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया है। यूपी स्पेशल टास्क फोर्स के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने यह जानकारी दी।

शिवा के साथ गिरफ्तार साथी

मुंबई क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने नानपारा कोतवाली इलाके के हांड़ा बसेहरी गांव के पास से नेपाल भागने की फिराक में रोडवेज बस से अपने साथियों के साथ जा रहे बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में फरार हत्यारोपी कैसरगंज के गंडारा गांव निवासी शिवा व उसके चार अन्य साथियों को पकड़ा। टीम उन्हें अपने साथ दिल्ली ले जाने की तैयारी में है।

नेपाल भागने की फिराक में थे सभी

नानपारा कोतवाली के हाड़ा बसेहरी गांव के पास चार इनोवा वाहन से मुंबई क्राइम ब्रांच व एसटीएफ के जवान पहुंचे और नेपालगंज नानपारा मार्ग पर रोडवेज बस को रोक लिया। कुछ संदिग्ध युवकों को बस से उतारकर हांडा बसेहरी स्थित होटल में लेकर गए। यहां सभी ने संदिग्धों से लगभग दो घंटे पूछताछ की। इसके बाद टीम सभी को अपने साथ लेकर चली गई। टीम ने पूछताछ के समय होटल के मुख्य द्वार को बंद करवा दिया और किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया गया। एसटीएफ टीम में प्रभारी प्रमेश कुमार शुक्ल, उपनिरीक्षक जावेद आलम सिद्दकी आदि शामिल रहे। टीम ने शूटर के नेपाल भागने की पुष्टि की है।

नौकरशाही में हुआ बड़ा उलटफेर

लखनऊ। दस आईएएस अधिकारियों के हुए तबादले,प्रदेश के दस आईएएस अधिकारियों के रविवार को तबादले कर दिए गए। वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को रिटायरमेंट से डेढ़ महीने पहले प्रतीक्षारत कर दिया गया है। उनके विभाग की जिम्मेदारी श्रम एवं सेवायोजन व खनन विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार तृतीय को दी गई है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. राजशेखर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के सचिव पद, पीएम कृषि सिंचाई योजना के स्टेट नोडल आफिसर और उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम का चार्ज ले लिया गया है। अब उनके पास उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक का पद रह गया है। उनसे लिए गए विभागों की जिम्मेदारी प्रमुख सचिव सिंचाई एवं संसाधन अनिल गर्ग को सौंपी गई है।

इसी तरह रवि रंजन से उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम और यूपी एग्रो के प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी ले ली गई है। यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन के पद पर वह यथावत रहेंगे।

प्रधानमंत्री के नौ आग्रहों को विकास का आधार बनाएगी सरकार -मुख्यमंत्री धामी

प्रधानमंत्री ने बोली भाषा संरक्षण, पलायन को लेकर चिंता जाहिर कर जताया उत्तराखंड के प्रति लगाव

देहरादून।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड की बोली भाषाओं से लेकर, पलायन को लेकर चिंता जताकर, उत्तराखंड के प्रति अपने लगाव को प्रदर्शित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के नौ आग्रहों को विकास का मूल मंत्र मानकर आगे बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य स्थापना दिवस के अपने संबोधन में उत्तराखंड को लेकर नौ आग्रह सार्वजनिक किए थे, इसमें से पांच आग्रह उत्तराखंड के लोगों को संबोधित थे, जबकि चार आग्रह यहां आने वाले पयर्टकों, तीर्थयात्रियों को संबोधित थे।

अब उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री के आग्रहों को नीतियों का आधार बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड की गढ़वाली, कुमांउनी, जौनसारी सहित सभी बोलियों के संरक्षण पर जोर दिया है, साथ ही प्रवासियों से अपने गांव से संबंध बनाए रखने और अपने परंपरागत शैली के तिबारी वाले घरों के संरक्षण की अपील की है। इससे साफ है कि प्रधानमंत्री के दिल में उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव है, इसलिए सरकार प्रधानमंत्री के सभी आग्रहों पर जन सहयोग के जरिए काम करेगी।

स्थानीय भाषाओं में फिल्मों को सब्सिडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बोली भाषाओं के संरक्षण के लिए पहले ही क्षेत्रीय बोली की फिल्मों के निर्माण पर विशेष प्रोत्साहन दे रही है। लोक संस्कृति को बढ़-ावा देने के लिए सरकार विभिन्न मेलों को सहायता प्रदान कर रही है, इगास और हरेला पर्व अब धूमधाम से मनाया जा रहा है।

होम स्टे में पारंपरिक शैली के घरों को बढ़ावा

इसी तरह सरकार लोगों को अपने परंपरागत तिबारी वाले घरों को संरक्षित करते हुए, इन्हें होम स्टे में पंजीकृत कराने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। प्रवासियों का उत्तराखंड से लगाव मजबूत करने के लिए सरकार ने इसी साल से प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का भी आयोजन प्रारंभ किया है। अब प्रधानमंत्री के संबोधन से इन सभी कार्यक्रमों में और तेजी आएगी।

पर्यावरण संरक्षण पर जोर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण करने की भी अपील की है।

प्रधानमंत्री के अपील के बाद राज्य सरकार इस अभियान को और गति देगी, अभी सावन में हरेला पर्व पर वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया, जिस कारण उत्तराखंड में ग्रीन कवर बढ़ने की उम्मीद है। इसी तरह सरकार उत्तराखंड में प्राकृतिक जल की स्वच्छता और शुद्धता बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री की अपील के क्रम में व्यापक अभियान शुरू करेगी।

केंद्र ने स्वच्छता अभियान में कबाड़ बेच कमाए 650 करोड़

पीएम मोदी ने दी बधाई, 5.97 लाख साइटों पर हुई सफाई

नई दिल्ली, केंद्र सरकार ने अक्टूबर में चले स्वच्छता अभियान के तहत निकले कबाड़ को बेचकर 650 करोड़ रुपये से अधिक की आय आर्जित की है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संबंध में एक्स पर बधाई देते हुए कहा कि प्रभावशाली प्रबंधन और त्वरित कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करके अभूतपूर्व सफलता हासिल हुई है।

2364 करोड़ रुपये की आय हुई

पिछले चार सालों में अभियान के तहत कबाड़ बेचकर कुल 2364 करोड़ रुपये की आय हुई है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा–निर्देशों से प्रोत्साहित होकर 2021–24 के बीच चलाए गए विशेष अभियान के तहत 2,364 करोड़ रुपये की आय कबाड़ को बेचकर प्राप्त हुई है। इससे अधिकारियों के लिए अधिक आफिस स्पेस फ्री हुआ है और दक्षतापूर्ण कार्य करने में मदद मिलेगी।

भारत का सबसे बड़ा अभियान

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विशेष अभियान 4.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए भारत का सबसे बड़ा अभियान था। स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 में संतृप्ति दृष्टिकोण अपनाया गया। 5.97 लाख से अधिक साइटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और इसके परिणामस्वरूप प्रभावी कार्यालय उपयोग के लिए 190 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है।

अभियान का आकार और पैमाना बढ़ा

जितेंद्र सिंह ने कहा कि हर गुजरते साल के साथ, विशेष अभियान का आकार और पैमाना बढ़ रहा है और 2023 में 2.59 लाख साइटों की तुलना में 2024 में 5.97 लाख से अधिक साइटों को कवर किया गया। इसकी समीक्षा कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और केंद्र सरकार के सचिवों द्वारा कार्यान्वयन में नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान करते हुए की गई। इसकी प्रगति को दैनिक आधार पर इसके लिए बनाए गए विशेष पोर्टल पर मानिटर किया गया।

नशे में धुत कार चालक ने चेकिंग बैरियर तोड़ा, दरोगा की वर्दी फाड़ी

देहरादून। नशे में धुत कार चालक ने बड़ोवाला पुल पर रात को चेकिंग के लिए लगाए गए बैरियर में टक्कर मार दी। इसके बाद वहां ड्यूटी पर तैनात दरोगा के साथ मारपीट की और वर्दी फाड़ दी। आरोपी ने कार में डेढ़ साल की बच्ची की बैठाया हुआ था। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार करने के साथ आरोपी के परिजनों को बुलाकर बच्ची को उनके सुपुर्द कर दिया। घटनाक्रम को लेकर आरोपी कार चालक के खिलाफ पटेलनगर थाने में केस दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि बीते आठ नवंबर की रात पुलिस में तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार और सिपाही सतीश गोस्वामी बड़ोवाला में बैरियर ड्यूटी पर तैनात थे। रात करीब 9:40 बजे एक सफेद ब्रेजा कार का चालक बड़ोवाला पुल के पास स्थित पुलिस बैरियर से टकरा गया। इसी बीच पीछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर के चालक दिनेश कुमार ने पुलिस को बताया कि बैरियर में टकराने वाले कार चालक ने उसकी गाड़ी को भी इसे पहले टक्कर मारी गई। रुकने का इशारा करने पर वह भाग निकला। पुलिस ने बैरियर पर टक्कर मारने वाले कार के चालक से पूछताछ की। उसने अपना नाम प्रशांत भंडारी निवासी नत्थुवाला, नेहरू कॉलोनी बताया। उस समय उसके साथ एक डेढ़ वर्ष की बच्ची भी थी। प्रशांत नशे में होने के कारण बेकाबू हो गया और पुलिसकर्मियों से बदतमीजी करने लगा। उसने उप निरीक्षक अशोक कुमार के साथ मारपीट की। जिससे उन्हें पैरों और पीठ में चोटें आईं।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे पर नहीं जाएगी भारतीय टीम

दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल होना है। अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। इस बीच खबर आई है कि आईसीसी ने पीसीबी को भारत के पाकिस्तान दौरे पर नहीं आने की सूचना दे दी है। बता दें कि, शनिवार को ईएसपीएनक्रिकइनफो की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत सरकार ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा पर नही भेजने की सलाह दी है।

आईसीसी ने पीसीबी को भेजा ईमेल

अब समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट में बताया गया कि आईसीसी ने भारतीय टीम के पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने की जानकारी पीसीबी को दे दी है। पीसीबी के एक प्रवक्ता ने कहा– पीसीबी को आईसीसी से एक ईमेल मिला है, जिसमें कहा गया है कि बीसीसीआई ने उन्हें सूचित किया है कि उनकी टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा– पीसीबी ने सलाह और मार्गदर्शन के लिए उस ईमेल को पाकिस्तान सरकार को भेज दिया है।

भारत सरकार ने दी पाकिस्तान का दौरा नहीं करने की सलाह

बीते दिन ईएसपीएनक्रिकइनफो की रिपोर्ट में बताया गया था कि, बीसीसीआई ने आईसीसी को इस बात की जानकारी दे दी है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। बीसीसीआई को भारत सरकार से सलाह मिली है कि वह भारतीय टीम को पड़ोसी देश की यात्रा पर न भेजे। इस स्थिति में आईसीसी और पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल पर विचार करना होगा और पाकिस्तान के अलावा एक और वेन्यू तलाश करना होगा।

हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर चुके नकवी

इस स्थिति में टूर्नामेंट का आयोजन हाइब्रिड मॉडल में हो सकता है। हाल ही में समाचार एजेंसी पीटीआई ने एक रिपोर्ट में बताया था कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत अपने मुकाबले दुबई और शारजाह में खेल सकता है। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने शुक्रवार को हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट के कराए जाने की खबरों को खारिज कर दिया था।

इन देशों में हो सकते हैं भारत के मैच

अब ईएसपीएनक्रिकइनफो की रिपोर्ट में बताया गया है कि हाइब्रिड मॉडल को अपनाने की स्थिति के लिए कुछ महीने पहले ही विभिन्न आकस्मिक योजनाएं तैयार कर ली गईं।

वीकेंड पर जाम से झेलनी पड़ी फजीहत



ऋषिकेश। वीकेंड पर रविवार को पर्यटकों के हुजूम ने ऋषिकेश से लेकर मुनिकीरेती तक ट्रैफिक व्यवस्था को बेपटरी कर दिया। सुबह से लेकर शाम तक मुख्य मार्ग पर वाहन रेंगते हुए गुजरे, जिससे स्थानीय लोगों को भी फजीहत झेलनी पड़ी। रविवार को मुनिकीरेती में पर्यटकों का दबाव बढ़ते ही ऋषिकेश तक अव्यवस्था फैल गई। मुख्य मार्ग पर ऋषिकेश–मुनिकीरेती के बीच वाहनों की कतारें लगने से जाम की स्थिति पैदा हुआ।

सुबह 10 से शुरू हुआ जाम का सिलसिला शाम सात बजे तक जारी रहा। सर्वाधिक परेशानी घाट चौक, चंद्रभागा तिराहा, कैलास गेट, जानकी सेतु तिराहा और रामझूला पुल तिराहे पर दिखी। मार्ग दिनभर वाहन रेंग–रेंगकर आगे बढ़ते रहे, जिससे न सिर्फ पर्यटकों, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजमर्रा के काम निपटने में जाम से दो–चार होना पड़ा। सवारी वाहन चालकों ने मुख्य मार्ग पर भीड़ बढ़ने पर शहर की आंतरिक सड़कों का रूख किया। इससे देहरादून रोड, रेलवे रोड और तिलक रोड पर भी वाहनों की आवाजाही से आसपास के लोगों को आने–जाने में मुश्किलें पेश आई। मुनिकीरेती में भी नगर की अंदरूनी सड़कों पर लोकल लोगों को दो–चार होना पड़ा। भीड़भाड़ की वजह से तपोवन में दिनभर ट्रैफिक के हालात बेकाबू रहे। वहीं, यातायात को नियंत्रित रखने के लिए चौक–चौराहों पर तैनात होमगार्ड व पुलिसकर्मी भी वाहनों के अत्याधिक दबाव से बेबस दिखे।

राफ्टिंग को जुटे विभिन्न प्रदेशों के पर्यटक

ऋषिनगरी में रविवार को राफ्टिंग का लुत्फ उठाने के लिए मुनिकीरेती में पर्यटकों की भीड़ रही। दिल्ली, हरियाणा, यूपी समेत विभिन्न प्रदेशों से भारी संख्या में पर्यटक राफ्टिंग करने को पहुंचे। उन्होंने कौड़ियाला–मुनिकीरेती ईको टूरिज्म जोन में सुबह से लेकर दिन ढलने तक राफ्टिंग की, जिससे गंगा दिनभर रंग–बिरंग की राफ्टों से अटी रही। मुनिकीरेती में खारास्रोत के आसपास राफ्टिंग बुकिंग कार्यालयों में सुबह से दोपहर तक पर्यटकों का हुजूम उमड़ा नजर आया। गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंधन समिति सचिव जसपाल चौहान ने बताया कि 23 सितंबर से प्रारंभ सत्र में अभीतक 30 हजार से ज्यादा पर्यटक राफ्टिंग कर चुके हैं। जबकि, रविवार को 1,218 पर्यटकों ने राफ्टिंग की।

भारी–भरकम अमला, फिर भी अव्यवस्था

ऋषिकेश और मुनिकीरेती में पुलिस का भारी–भरकम अमला तैनात है। इसके अलावा मुनिकीरेती में ट्रैफिक निरीक्षक से लेकर पुलिसकर्मी व होमगार्ड भी हैं। ऋषिकेश में भी ट्रैफिक उपनिरीक्षक समेत यातायात को सुचारू रखने के लिए जवानों को भी लगाया है।

तेलंगाना में ट्रक में आग लगने से आठ कारें जलकर खाक

नई दिल्ली। हैदराबाद–मुंबई हाईवे पर आज कई कारों को ले जा रहे एक कंटेनर में आग लग गई। आग लगने के बाद कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। दुर्घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची

आग इतनी भयंकर लगी कि कंटेनर में नारंगी रंग की लपटें दूर–दूर तक दिखाई दे रही थीं। इस आग की चपेट में आठ कार भी जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

जब दमकलकर्मियों ने आग बुझाने की कोशिश की, तो कंटेनर पर आठ जली हुई कारें दिखाई दीं। दमकलकर्मियों के प्रयासों के बावजूद, भीषण लपटों पर काबू पाना मुश्किल था। दुर्घटना में सभी कारें पूरी तरह जल गईं।

कांग्रेस और उसके साथी आदिवासियों को कभी ऊंचाई पर नहीं देख सकते : पीएम मोदी

गुमला ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के गुमला हवाई अड्डा मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झामुमो और राजद को आदिवासियों का दुश्मन करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी आदिवासियों को ऊंचाई पर नहीं देख सकते। भाजपा ने आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया, पर द्रौपदी मुर्मू के साथ कांग्रेस का क्या व्यवहार रहा है, ये पूरा देश जानता है। कांग्रेस ने उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। झारखंड में चंपई सोरेन के साथ जो हुआ, ये उनकी इसी सोच का नतीजा है।पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में झारखंड में मुझे जहां–जहां जाने का अवसर मिला, वहां हर रैली पहले वाली रैली का रिकॉर्ड तोड़ देती है। गुमला की रैली में आए लोगों की भीड़ बताती है कि हवा का रुख क्या है। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ रोकने और झारखंड की पहचान बचाने के लिए यहां भाजपा सरकार चाहिए। नौजवानों को नौकरी और महिलाओं को सुरक्षा मिले, इसके लिए भाजपा की सरकार चाहिए। आज आदिवासी, ओबीसी और दलितों की पहली पसंद भाजपा और एनडीए है।

बिजनौर ट्रिपल मर्डर : बिस्तर पर ही तीनों को मार डाला

बिजनोर। तिहरे हत्याकांड को हत्यारों ने बेहद शातिर ढंग से अंजाम दिया। तीन हत्या करके फरार हो गए और किसी को भनक तक नहीं लगी। बरामदे में जमीन पर ही लगे बिस्तर पर कबाड़ी मंसूर और उसकी पत्नी जुबैदा की पेचकस घोंपकर हत्या की। साथ ही कमरे में सो रहे उनके बेटे याकूब को भी मार डाला। मृतकों को एक दूसरे का बचाने का भी मौका नहीं मिला। इतना ही नहीं पड़ोसियों को भी इस हत्याकांड की भनक नहीं लग सकी।

मंसूर के छोटे से घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिलने से अटकलें लगाई जा रही हैं कि आरोपियों ने अंदर घुसते ही दरवाजा बंद कर लिया था। इसके बाद दीवार फांदकर फरार हो गए। पुलिस को मौके पर आला कत्ल पेचकस के आलावा अन्य कोई साक्ष्य नहीं मिल सका। छत पर एक कैंची जरूर पड़ी मिली, जिस पर खून का कोई निशान नहीं था। उधर मृतक के घर के सामने किराए पर रहने वाली महिला ने बताया कि रात में कोई आवाज भी नहीं सुनाई दी।

घर में पड़ी मिलीं छह जोड़ी चप्पल

पुलिस जब सबूत जुटाने की कोशिश में लगी थी, तभी शहर कोतवाल उदयप्रताप की नजर चप्पलों पर पड़ी। घर में तीन लोग थे, जबकि मौके पर चप्पल छह जोड़ी मिली। एक जोड़ी चप्पल महिला वाली, जबकि पांच जोड़ी मर्दाना थीं। तीन जोड़ी चप्पल बरामदे के बाहर सलीके से निकाली हुई प्रतीत हो रही थीं।

बिरयानी खाकर सो गया था परिवार

मृतक याकूब की दादी हसीना ने रोते हुए बताया कि याकूब रात में नौ बजे उसके पास गया था। जोकि खूब सारी बिरयानी लेकर आया। इसके बाद याकूब बिरयानी लेकर घर चला गया। कबाड़ी, उसकी पत्नी और बेटे याकूब ने बिरयानी खाई और सो गए। हालांकि इससे पहले याकूब पड़ोस में चल रहे डीजे पर भी डांस करके आया था।

उधर मंसूर के घर में चूल्हे पर हंडिया जस की तस रखी थी। जबकि सोमवार को साग बनाने की तैयारी थी। जीने पर एक छबड़ी में बिना पका साग खुले आसमान के नीचे रखा हुआ था।

किश्तवाड़ में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

जम्मू , कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चास और कोतवाड़ा जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 2 पैरा (एसएफ) के एनबी सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार सर्वोच्च बलिदान को प्राप्त हुए। सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि सब–इंस्पेक्टर राकेश 09 नवंबर 2024 को भारत रिज किश्तवाड़ के सामान्य क्षेत्र में शुरू किए गए एक संयुक्त सीआई ऑपरेशन का हिस्सा थे। हम इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं।

कई आतंकी घिरे हुए हैं

सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए उधमपुर शिफ्ट किया गया है। इस मुठभेड़ में दो से तीन जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादी घिरे हुए हैं। कुछ सूत्रों का कहना है कि 3–4 आतंकवादी इस ऑपरेशन में घिरे हुए हैं। यह वही आतंकी समूह है जिसने हाल ही में किश्तवाड़ जिले में दो निर्दोष गांव रक्षा गार्डों की हत्या की थी। इसके अलावा एक सेना के जवान के घायल होने की भी खबर है। इस मुठभेड़ के बाद इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, और अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है।

'महासागरों की निगरानी के लिए भारत के पास प्रभावी तंत्र'

नौसेना प्रमुख बोले- हमारी हर गतिविधि पर कड़ी नजर



नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा है कि भारत के पास महासागरों की निगरानी के लिए प्रभावी तंत्र है। भारत इस बात से पूरी तरह से अवगत है कि 'कौन कहां है और क्या कर रहा है' ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश के हितों के साथ कोई समझौता न हो। भारतीय नौसेना द्वारा शुक्रवार शाम आयोजित राष्ट्रव्यापी क्विज प्रतियोगिता 'थिनक्यू 2024' के ग्रैंड फिनाले के बाद त्रिपाठी ने यह भी कहा कि भारत अपने 'हित के क्षेत्र' में गतिविधियों पर 'कड़ी नजर' रखता है।

नौसेना प्रमुख ने कहा, चीन दुनिया के किसी भी हिस्से में जो कुछ भी करता है, उसे करने दें। वे हमारे हित वाले क्षेत्र में क्या करते हैं, हम उस पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हमारे हिस्से में ऐसा कुछ भी नहीं होता है जिसके बारे में हमें पता न हो।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि नवाचार नौसेना की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। त्रिपाठी ने यह भी कहा कि भारतीय नौसेना को उन दो युवा महिला नौसेना अधिकारियों पर गर्व है जो 'नाविका सागर परिक्रमा–2' के तहत एक नाव में सवार होकर विश्व का चक्कर लगाने के मिशन पर हैं।

सम्पादकीय

आधा अधूरा विकास

उत्तर प्रदेश से अलग होने के बाद उत्तराखंड एक अलग राज्य के रूप में अपना रजत जयंती वर्ष बना रहा है। एक आदर्श राज्य की परिकल्पना के साथ वजूद में आया यह राज्य आज भी अपने लक्ष्य से काफी पीछे है और अपने संसाधनों को अपने ही लोगों के लिए समुचित तौर पर उपलब्ध कराने में कहीं ना कहीं असफल साबित हुआ है। उत्तराखंड राज्य के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलन कार्यों का भी या दर्द है कि जिस सपने और उम्मीद के साथ इस राज्य की लड़ाई लड़ी गई थी बस अपने कहीं ना कहीं आज भी अधूरे ही रह गए हैं। राज्य में जन भावनाओं के अनुरूप कार्य नहीं हुए जिस कारण राज्य के आयोजित विकास ने इस पूरे प्रदेश की दशा को ही बिगाड़ कर रख दिया। भले ही उत्तराखंड की अब तक की तमाम सरकारें अपने कार्यकाल में विकास का दावा करते ना थकती हो लेकिन हकीकत तो यह है कि राज्य के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्य सरकारों ने गंभीरता से कार्य ही नहीं किया। सरकार की लचर नीति के कारण बाहरी लोगों ने उत्तराखंड में अपना बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया और यहां के गांव और खलिहान बाहरी लोगों के हाथों बिकते चले गए। न जाने कितने ही गांव खंडहर हो गए और पलायन का प्रकोप प्रदेश के एक बड़े ग्रामीण क्षेत्र को निगल गया। आंदोलनकारियों का अब यह मानना है कि राज्य के विकास की गति गलत दिशा में चल रही है और प्रदेश को प्रगति और समृद्धि के मुकाम तक ले जाने के लिए सिर्फ पांच क्षेत्रों, उद्यान, पशुपालन, वानिकी, पर्यटन और ऊर्जा को चयनित कर उस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। आज आनियोजित विकास की रास्ते की अपेक्षा उस रास्ते पर चलना चाहिए जो उत्तराखंड के राज्य के लोगों के लिए लाभकारी साबित हो ना कि बाहरी लोग इसका लाभ उठाकर अपनी तिजोरिया भरते रहें। प्रदेश के गठन के बाद से ही उत्तराखंड में ऊर्जा की कई परियोजनाएं लागू की गई है जबकि उनके स्थान पर छोटी–छोटी परियोजनाओं को विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाना चाहिए था ताकि प्रत्येक क्षेत्र का समुचित विकास होने के साथ राज्य को इसका लाभ मिल सके। जनप्रतिनिधि शायद यह भूल गए हैं कि कई बलिदान और त्याग के बाद राज्य का यह स्वरूप आज हमारे सामने है और जन भावनाओं को नजर अंदाज कर अपनी मनमानी करना इस राज्य के लिए हितकारी साबित नहीं हो रहा है। टिहरी डैम का भरपूर प्रयोग भी राज्य को पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है और मांग की जा रही है कि टिहरी डेम से 25 प्रतिशत रॉयल्टी उत्तराखंड को मिलनी चाहिए। एक आदर्श राज्य की अवधारणा के साथ नए राज्य का सपना देखा गया था लेकिन चिंता की बात यह है कि अब तक की सरकारें इन 25 वर्षों में यह ही तय नहीं कर पाई हैं कि किस दिशा में हमें आगे बढ़ना है। प्रदेश का विकास तो केवल मुख्यमंत्री बनने की दौड़ तक ही सीमित रह गया। भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड बने, अधिकारियों और नेताओं की संपत्ति में अकूत इजाफा हो गया लेकिन प्रदेश के गांव के गांव बंजर होते चले गए। आश्चर्य ही है कि अभी तक उत्तराखंड के अंदर भ्रष्टाचार पर चोट के लिए लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हो पाई है। राज्य में 2011 के बाद से लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हुई। युवा मुख्यमंत्री से राज्य को काफी उम्मीदें हैं और केंद्र के साथ उनका समन्वय भी अच्छा है। इस युवा नेतृत्व से अपेक्षा की जा सकती है कि जनहित की योजनाओं को धरातल पर लागू कर राज्य का विकास आगे बढ़ाया जाए ना की कोरे प्रचार और लोक लुभावने वादों से प्रदेश को अंजित विकास की ओर धकेला जाए।

राष्ट्र के सुरक्षित डिजिटल भविष्य की दिशा में कदम

ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया

भारत में, दूरसंचार की उपयोगिता लोगों को जोडने् से कहीं बढक़र है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण उपकरण भी है, जो विकास के हाशिए पर रहने वाले लोगों के उत्थान का काम करता है। पिछले एक दशक में, देश में डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भारी विकास हुआ है। दुनिया में सबसे सस्ते डेटा दरों के साथ, भारत में अब 954.40 मिलियन से अधिक इंटरनेट ग्राहक हैं। इनमें से 398.35 मिलियन इंटरनेट ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्शन 64 मिलियन से बढक़र 924 मिलियन हो गए हैं। इस व्यापक कनेक्टिविटी ने एक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, जो आज हमारे कुल आर्थिक परिदृश्य में 10 प्रतिशत का योगदान देता है। वर्ष 2026 तक इस योगदान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांचवें हिस्से या 20 प्रतिशत तक पहुंच जाने का अनुमान है। बैंकिंग सेवाएं, केवाईसी सत्यापन, डिजिटल भुगतान और मोबाइल–आधारित प्रमाणीकरण भारत की डिजिटल क्रांति की रीढ़ रहे हैं, जिससे जन धन, आधार, मोबाइल (जेएएम) की तिहरी सेवाओं को फलने–फूलने में मदद मिली है। अकेले अक्टूबर 2024 में, देश में आधार समर्थ भुगतान प्रणाली के माध्यम से 126 मिलियन डिजिटल लेनदेन दर्ज किए गए।

हालांकि, यह डिजिटल क्रांति विकट चुनौतियां भी प्रस्तुत कर रही है। विशेष रूप से, तकनीकी प्रगति के साथ पैदा होने वाले खतरों से हमारे नागरिकों की सुरक्षा की चुनौती। हमारे हाथ में रखे जाने वाले सुविधा के ये उपकरण स्पैम कॉल, घोटाले वाले संदेश, टेलीमार्केटिंग के अनुचित कॉल, फ़िशिंग घोटाले, नकली निवेश एवं ऋण के अवसरों जैसे साइबर अपराधों के जाल से भी घिरे हैं।

एक विशेष चुनौती सामने आई हैः "डिजिटल अरेस्ट" के घोटाले आज चिंताजनक दर से बढ़ रहे हैं। इसकी कार्यप्रणाली के तहत झ्र अपराधी सरकारी अधिकारियों के रूप में निदोष व्यक्तियों को डराने और जबरन वसूली का कार्य करते हैं। महज वित्तीय नुकसान से परे, ये दुर्भावनापूर्ण कार्यप्रणालियां आजीविका को बाधित करती हैं, विश्वास को खत्म करती हैं और उस आत्मविश्वास को कमजोर करती हैं जो नागरिकों में डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से शामिल होने के लिए आवश्यक है।

हालांकि, इन उभरते खतरों के विरुद्ध त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए हमारे अधिकारियों ने पूरी तत्परता दिखाई है। उन्होंने फर्जी तरीकों से हासिल किए गए मोबाइल कनेक्शनों को काट दिया है और 7.6 लाख शिकायतों के माध्यम से 2,400 करोड़ रूपये से अधिक की राशि की हानि को बचाया। यह महज आंकड़ों को ही नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा और सपनों की सुरक्षा को भी दर्शाता है।

अब जबकि हम डिजिटल स्पेस की रक्षा के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, हमारे नागरिकों के सहयोग के बिना यह एक निरर्थक कवायद साबित होगी। प्रधानमंत्री (पीएम) नरेन्द्र मोदी का हाल ही में नागरिकों से "रुको, सोचो और एक्शन लो" का आह्वान इंटरनेट की छाया में बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए तात्कालिकता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। यह आह्वान केवल बढ़ते साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रतिक्रिया भर नहीं है, बल्कि एक सतर्क और सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में एक अपील भी है। अपने हालिया 'मन की बात' संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पित हेल्पलाइन 1930 और पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की अनिवार्यता दोहराई। साइबर अपराधियों के विरुद्ध लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी पर जोर बेहद अहम है।

हम डिजिटल स्पेस की रक्षा के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, हमारे नागरिकों के सहयोग के बिना यह एक निरर्थक कवायद साबित होगी। प्रधानमंत्री (पीएम) नरेन्द्र मोदी का हाल ही में नागरिकों से "रुको, सोचो और एक्शन लो" का आह्वान इंटरनेट की छाया में बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए तात्कालिकता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। यह आह्वान केवल बढ़ते साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रतिक्रिया भर नहीं है, बल्कि एक सतर्क और सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में एक अपील भी है। अपने हालिया 'मन की बात' संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पित हेल्पलाइन 1930 और पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की अनिवार्यता दोहराई। साइबर अपराधियों के विरुद्ध लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी पर जोर बेहद अहम है। फिर भी, साइबर अपराधियों ने चालाकी बरतते हुए नई रणनीति विकसित कर ली है और अंतरराष्ट्रीय कॉलों को प्रच्छन्न तरीके से स्थानीय नंबरों (+91–के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में किया जाने वाला चतुराई भरा यह हेरफेर इन कॉलों को वैध स्थानीय नंबर कॉल के रूप में छिपाना संभव बना देता है, जिससे धोखे का परिदृश्य और भी जटिल हो जाता है।

फिर भी, साइबर अपराधियों ने चालाकी बरतते हुए नई रणनीति विकसित कर ली है और अंतरराष्ट्रीय कॉलों को प्रच्छन्न तरीके से स्थानीय नंबरों (+91–के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में किया जाने वाला चतुराई भरा यह हेरफेर इन कॉलों को वैध स्थानीय नंबर कॉल के रूप में छिपाना संभव बना देता है, जिससे धोखे का परिदृश्य और भी जटिल हो जाता है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम लॉन्च किया है। यह उपकरण एक बड़ा बचाव साबित हो रहा है, जो 86 प्रतिशत नकली कॉलोंझ्र लगभग 1.35 करोड़ कॉल प्रतिदिन – को रोक रहा है।साइबर–सुरक्षित भारत के हमारे दृष्टिकोण के केन्द्र में नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण है। 'संचार साथी' प्लेटफॉर्म इस मिशन का प्रतीक है, जिसमें चक्षु जैसे टूल हैं जो उपयोगकर्ताओं को संदिग्ध संदेशों, कॉल और व्हाट्सएप गतिविधियों की रिपोर्ट करने में समर्थ बनाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति का लाभ उठाते हुए, डीओटी ने 2.5 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाले मोबाइल कनेक्शनों का पता लगाया और उन्हें काट दिया, 2.29 लाख से अधिक मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया, 71,000 विक्रेताओं को ब्लैकलिस्ट कर दिया और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपीएस) के माध्यम से 1,900 अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

युवा, तकनीक–प्रेमी आबादी के लाभ के साथ, हमने विद्यार्थियों को भी जमीनी स्तर की पहल में शामिल किया है। देश भर में कॉलेज के विद्यार्थियों ने संचार मित्र स्वयंसेवकों के रूप में कदम बढ़ाया है। ये स्वयंसेवक समुदायों तक पहुंच रहे हैं और 'संचार साथी' पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। ये युवा हिमायती नागरिकों को दूरसंचार धोखाधड़ी को रोकने के लिए उपलब्ध उपकरणों का उपयोग करने में मदद करते हैं। मई 2023 में अपनी स्थापना के बाद से, संचार साथी पोर्टल ने 7.7 करोड़ विजिट और प्रतिदिन औसतन दो लाख उपयोगकर्ताओं के साथ जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। इस पोर्टल ने 12.59 लाख चोरी और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस धारणा को मजबूत करते हुए कि साइबर रक्षा और सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, यह पोर्टल अपने डिजिटल अनुभवों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध नागरिकों के लिए एक आवश्यक संसाधन बन गया है।

स्पैम कॉल, अनचाहे एसएमएस और टेलीमार्केटिंग के खतरे से निपटने के एक निर्णायक प्रयास के तहत, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए जवाबी उपायों की एक मजबूत श्रृंखला भी लागू की है। नियमों के उल्लंघन पर कठोर दंड लगाया जाएगा, जो डिजिटल विश्वास के उल्लंघन के प्रति शून्य–सहिष्णुता (जीरो–टोलेरेंस) की नीति का परिचायक है। अब तक, ट्राई ने असत्यापित प्रचारात्मक कॉल में संलग्न 800 से अधिक संस्थाओं और व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है, जबकि 1.8 मिलियन से अधिक नंबर काट दिए गए हैं। ऐसी सख्त कार्रवाई एसएमएस संबंधी धोखाधड़ी के मामले में भी की गई है, जिसके तहत 350,000 अप्रयुक्त और असत्यापित मैसेजिंग हेडर और 1.2 मिलियन कंटेंट टेम्पलेट को ब्लॉक कर दिया गया है।

हमारी साइबर रक्षा रणनीति के केन्द्र में डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) है, जो 460 बैंकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित 520 से अधिक हितधारकों को एकजुट करता है। यह सहयोग वास्तविक समय में सूचना साझा करने और साइबर खतरों के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई को संभव बनाता है।

तेजी से विकसित हो रहे इस डिजिटल युग में, साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देना महज एक सावधानी भर नहीं है। बल्कि यह हमारे देश के डिजिटल भविष्य की सुरक्षा की दृष्टि से एक आवश्यक कदम है। एक मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, तकनीक–प्रेमी युवा आबादी और मजबूत संस्थागत ढांचे के साथ, भारत ने खुद को डिजिटल इकोसिस्टम में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया है। जैसे–जैसे हम इस जटिल परिदृश्य में आगे बढ़ रहे हैं, निरंतर सुधार और अनुकूलनशीलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ बनी रहेगी। प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप कार्य करते हुए, हम एक सुदृढ़ साइबर व्यवस्था से लैस भारत का निर्माण करेंगे – जहां प्रत्येक नागरिक सुरक्षित, सशक्त और इस डिजिटल युग में फलने–फूलने के लिए तैयार हो।

भारत में विकास का अध्याय आगे बढ़ता जाएगा

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल में लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी और सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे।इसी तरह हाल में वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर, 2024 में कहा गया है कि वैंकि चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घट कर 4.0 फीसद होगी जबकि भारत की विकास दर 6.3 फीसद से अधिक रहेगी। वस्तुतः भारत के पास उपभोक्ताओं का उभरता हुआ विशाल बाजार, युवाओं में जबरदस्त ढंग से आगे बढने् की ललक, उद्यमिता की भावना और सुधार का रवैया वैंकि संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए नये अवसरों का आधार है। गौरतलब है कि विगत 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रूस–यूक्रेन और इस्राइल–ईरान युद्ध की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। मोदी ने कहा कि दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

दुनिया में भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन के मामले में पहले क्रम पर है। इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दूसरे क्रम पर है। स्टार्टअप के मामले में तीसरे क्रम पर है, और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में चौथे क्रम पर है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और मूडी'ज जैसी वैंकि एजेंसियां भी वैंकि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत को दुनिया की सबसे विसनीय और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ–साथ निवेश के पसंदीदा देश के रूप में देख रही हैं। यद्यपि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस–यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैंकि अर्थव्यवस्था में गिरावट का दौर बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में वैंकि विश्वास और तेज विकास के मद्देनजर देसी उद्यमियों के साथ वैंकि उद्यमियों के लिए भी बढ़ते अवसरों का परिदृश्य उभर कर दिखाई दे रहा है।

इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल में दुनिया की ख्याति प्राप्त वित्तीय सेवा फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि सितम्बर, 2024 के दौरान भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए खुद को निवेश की पसंदीदा जगह बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी नई रिपोर्ट–2024 में कहा है कि भारत आर्थिक विकास, विदेशी निवेश और नई तकनीकों के उपयोग की उंची संभावनाओं वाला देश है। अमेरिका चेंबर ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका की कंपनियों की वैंकि निवेश पसंदगी में भारत का दूसरा स्थान है। इस समय चीन अमेरिकी निवेशकों की प्राथमिकता खोता जा रहा है। इतना ही नहीं, अमेरिका और चीन में बढ़ते तनाव के माहौल में इस समय चीन में कार्यरत 12 लाख करोड़ रु पये निवेश वाली 50 अमेरिकी कंपनियां अपना कारोबार चीन से समेटने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों में से 15 कंपनियां भारत में निवेश की तैयारी कर रही हैं।यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विगत 23 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम करने वाली 15 प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के सीईओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बहुआयामी क्षेत्रों में दुनिया के लिए अपार आर्थिक मौके हैं।

बीमार समाज और खराब वातावरण

दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में लगातार गिरावट जारी है। जो पांच सौ के पार जा चुकी है। वायु प्रदूषण के इस स्तर को खतरनाक से भी खतरनाक वाले स्तर पर बताया जा रहा है।आंकड़ों के अनुसार राजधानी के आसमान पर धूल की मोटी परत छाई हुई है। दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का पीएम 2.5 बाताया गया, जो वि स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से पैंसठ गुना अधिक खतरनाक पाया गया। इस गंभीरता को इससे समझा जा सकता है कि शून्य से पचास को अच्छा व 51 से सौ को संतोषजनक माना जाता है। जो बढ़ते–बढ़ते 401–450 के बीच गंभीर व 451 से ऊपर बेहद गंभीर माना जाता है।खबरें हैं कि उन्हें सन संबंधी समस्याओं के अलावा खांसी जैसी समस्याएं आम हैं। गले में खुश्की और खराश की शिकायतें भी खूब की जा रही हैं। दिवाली में जलाए गए पटाखों से उठा धुंआ भी इस अचानक खतरनाक हुई हवा का कारण बताया जा रहा है। पटाखों को प्रतिबंधित करने तथा लगातार जागरूकता फैलाने के बावजूद कोई खास असर होता नहीं नजर आ रहा। सारा दोष आतिशबाजी को देना उचित नहीं है क्योंकि दिवाली के साथ ही हवा की मंद पड़ती गति व लगातार स्मॉग बने रहने के चलते भी वायु प्रदूषण जानलेवा बन गया।

दिल्ली–एनसीआर का यह इलाका प्रतिवर्ष इसी मौसम में देश भर में सबसे प्रदूषित के दायरे में आ जाता है। कहा जाता है कि इसके कारणों में वाहनों की हिस्सेदारी 16त्न से अधिक होती है। परंतु पराली के धुएं की भागीदारी बढक़र 35त्न तक बढ़ गई थी। हरियाणा, पंजाब व उप्र से आने वाली हवाओं को इसका दोषी ठहराया जाता है। जब तक यह स्तर खतरनाक बताया जाता है, दोषारोपण भी उसी गति से बढ़ता रहता है।

हवा की गुणवत्ता को सुधारने के प्रति न तो ठोस कदम उठाए जाते हैं, न ही इन चेतावनियों को गंभीरतापूर्वक लिया जाता है। वायु प्रदूषण के चलते इन इलाकों के आधे से अधिक बाशिंदों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें तो हैं ही। ढेरों लोग बेमौत मारे भी जाते हैं।

पुष्पा 2 का ट्रेलर हो रहा लोड, फिल्म से आया अल्लू अर्जुन–फहाद फासिल का धांसू पोस्टर

अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 एक महीने बाद 5 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है. फैंस को पुष्पा 2 का बेसब्री से इंतजार है, इसी बीच मेकर्स भी इस फैंस की एक्साइटमेंट को बरकरार रखना चाहते हैं. वे एक के बाद एक अपडेट फिल्म से शेयर कर रहे हैं हाल ही में मेकर्स ने एक धांसू पोस्टर शेयर किया है. जिसमें फिल्म के हीरो अल्लू अर्जुन और विलेन फहद फासिल नजर आ रहे हैं. इस पोस्टर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा– पुष्पा द रूल के लिए एक महीना बाकी है. खुद को तैयार रखें झ्र साल की सबसे बड़ी भारतीय फिल्म एक महीने में सिनेमाघरों में धमाका करने के लिए तैयार है. ट्रेलर जल्द ही धमाका करेगा.

पुष्पा 2 से नया पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने अनाउंस किया कि जल्द ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा. रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फिल्म की टीम नवंबर में शुरू होने वाले 6 शहरों के बड़े दौरे के लिए पूरी तरह तैयार है. अल्लू अर्जुन 15 नवंबर से पटना, कोच्चि, चैन्नई, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद का दौरा करेंगे. इन 6 शहरों का दौरा 15 नवंबर के आसपास एक मेगा ट्रेलर लॉन्च इवेंट के साथ शुरू होगा. अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो ट्रेलर लॉन्च इवेंट पटना में होगा.देखा जाए तो बाहुबली 2 के बाद पुष्पा 2 भारतीय सिनेमा का सबसे चर्चित सीक्वल है, और उम्मीद है कि फिल्म कमाई में भी रिकॉर्ड तोड़ेगी. अगर आने वाले 30 दिनों में सब कुछ ठीक रहा, तो पुष्पा 2 अब तक की सबसे बड़ी ओपनर के साथ–साथ भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर हिंदी में नई उंचाइयां छू सकती है. फिलहाल दर्शक ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

साथी को दर्द में देख पसीजा बाबर आजम का दिल

नई दिल्ली। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले गए तीसरे और आखिरी वनडे मैच के बाद बाबर आजम की जमकर चर्चा हो रही है। पाकिस्तान ने इस मैच में जीत हासिल कर ऑस्ट्रेलिया में 22 साल बाद वनडे सीरीज अपने नाम कर इतिहास रचा है। लेकिन बाबर की चर्चा इसलिए नही हो रही है। उनकी चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि पाकिस्तान का पूर्व कप्तान अपने साथी को दर्द में देख तुरंत फिजियो के रोल में आ गए।पाकिस्तान को तीसरे वनडे में जीत के लिए सिर्फ 141 रन बनाने थे जो उसने दो विकेट खोकर बना लिए। बाबर 28 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान मोहम्मद रिजवान 30 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने इस पूरी सीरीज में दमदार खेल दिखाया।

बाबर बने डॉक्टर

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की। पारी का 26वां ओवर शाहीन शाह अफरीदी फेंक रहे थे। क्रीज पर थे एडम जैम्पा और सीन एबॉट। एबॉट ने रन पूरा कर लिया था। तभी डीप मिडविकेट से थ्रो आया जो शाहीन के बाएं हाथ के अंगूठे में लगा। शाहीन तुरंत जमीन पर बैठ गए और दर्द से कराहने लगे। इतने में बाबर आजम आए और उनका अंगूठा देखने लगे। बाबर तुरंत ही शाहीन के अंगूठे की मसाज करने लगे।

विराट कोहली की फोटो के बहाने ऑस्ट्रेलिया ने कर दी रोहित शर्मा की बेइज्जती

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के हाथों घर में टेस्ट सीरीज में मात खाने के बाद टीम इंडिया की नजरें अब 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के साथ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज पर हैं। दोनों ही टीमों के लिए ये सीरीज काफी अहम है। दोनों टीमों की काबिलियत को देखते हुए पूरे क्रिकेट जगत की नजरें इस सीरीज पर होंगी। लेकिन इस सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का मजाक उड़ाया है।

भारत पिछले दो दौरों पर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीत रहा है। अगर इस बार भी टीम इंडिया ये काम करने में सफल होती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीत की हैट्रिक लगा देगी। भारत के लिए ये सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम होगी।

द राजा साहब संग तेलुगू फिल्मों में डेब्यू करेंगी मालविका मोहनन

तमिल सिनेमा की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब तेलुगू फिल्म में डेब्यू को तैयार हैं। मालविका बाहुबली स्टार प्रभास संग नजर आएंगी। मालविका मोहनन द राजा साहब के साथ तेलुगू फिल्मों में डेब्यू के लिए तैयार हैं। द राजा साहब के बारे में मालविका ने कहा सुपरस्टार प्रभास से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। मालविका ने कहा ह्ययह मेरी तेलुगू डेब्यू है और मैंने इसके लिए लंबे समय तक इंतजार किया है। अभिनेत्री ने कहा कि मैं चाहती थी कि तेलुगू इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए मेरे पास सही फिल्म आए। उन्होंने आगे कहा मुझे लगता है कि प्रभास सर से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है।रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म ह्यद राजा साहबह्ल के बारे में अभिनेत्री ने कहा बहुत मजेदार फिल्म है, जो दर्शकों को काफी पसंद आने वाला है। मोहनन ने कहा यह हल्की–फुल्की फिल्म है और दर्शकों को आकर्षित करेगी, हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अभिनेत्री ने कहा द राजा साहब अगले साल अप्रैल में रिलीज हो सकती है, दर्शकों के साथ मैं भी फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रही हूं।मालविका मोहनन इन दिनों सरदार 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री ने फिल्म की एक झलक साझा की। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह एक्शन सीन्स के लिए तैयार होती देखी जा सकती हैं। पोस्ट में मालविका एक स्टंट के लिए तैयार नजर आईं। अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा और बताया कि चुनौतीपूर्ण सीन्स की शूटिंग कैसे होती है। मालविका ने लिखा सरदार 2 के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण स्टंट सीक्वेंस शूट किए और सोचा कि मैं आप लोगों को दिखाऊं कि हम अपने कॉस्ट्यूम के अंदर जो बचाव के लिए हार्नेस पहनते हैं वह कैसा दिखता है।थंगालान के कुछ सीन्स के लिए मुझे पहले रस्सी पर काम करना बहुत मुश्किल और कठिन लगता था, लेकिन अब ट्रेनिंग के साथ यह आसान हो गया है।अभिनेत्री ने बताया मुझे हाल ही में 100 मीटर की उंचाई से कूदना पड़ा, जो मजेदार नहीं था। उन्होंने आगे बताया मुझे अब इसमें महारत हासिल है और जब आप तकनीकी और शॉट सही तरीके से करते हैं तो यह बहुत ही रोमांचक हो जाता है।

भूल भुलैया 3 ने पार किया 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा, सातवें दिन हुई इतनी कमाई

कार्तिक आर्यन की हॉरर–कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 को ठीक एक सप्ताह पहले सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।पहले दिन से ही फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से इसकी कमाई में काफी उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है।कामकाजी दिनों में फिल्म का हर गुजरते दिन के साथ घटता जा रहा है। अब भूल भुलैया 3 की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, भूल भुलैया 3 ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी पहले गुरुवार को 9.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 158.25 करोड़ रुपये हो गया है।

पाकिस्तान ने आखिरी वनडे आठ विकेट से जीता, 22 साल बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में जीती सीरीज

पर्थ। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक वनडे में आठ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज भी 2–1 से अपने नाम की। पाकिस्तान की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.5 ओवर में 140 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। शॉन एबॉट ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को तीन–तीन विकेट मिले। जवाब में पाकिस्तान की टीम ने 26.5 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

सैम अयूब ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए।

22 साल बाद वनडे सीरीज जीती

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में 22 साल बाद द्विपक्षीय वनडे सीरीज में हराया है। इससे पहले पाकिस्तान की टीम ने 2002 में ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज 2–1 से जीती थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहला वनडे दो विकेट से अपने नाम किया था। वहीं, दूसरा वनडे पाकिस्तान ने नौ विकेट से जीता था। पाकिस्तान ने तीसरा वनडे आठ विकेट से अपने नाम किया। अब दोनों टीमों के बीच 14 नवंबर से तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।

एक नजर

स्वच्छता अभियान चलाकर स्वस्थ समाज का दिया संदेश

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः जीबी पंत प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी संस्थान घुड़दौड़ी में भावी इंजीनियरों ने सफाई अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर छात्रों के लिए संस्थान के ऑडिटोरियम हॉल में उत्तराखंड राज्य आंदोलन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। संस्थान परिसर में आयोजित सफाई अभियान में छात्रों ने एकजुट होकर एडमिन ब्लॉक, ऑडिटोरियम, खेल मैदान और छात्रावास के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने लोगों से भी अपने आस–पास साफ सफाई रखने की अपील की। उन्होंने नमकीन, चिप्स, चॉकलेट आदि के प्लास्टिक कचरे को गदेरों और नालियों ने कतई न फैंकने की भी अपील की। कहा कि पर्यावरण को प्लास्टिक कचरे से सर्वाधिक नुकसान हो रहा है। वहीं परिसर निदेशक प्रो. वीएन काला ने छात्रों की पहल को सराहनीय बताया। उन्होंने भावी इंजीनियरों को प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए ठोस योजना तैयार करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. प्रीति डीमरी, दिनेश सिंह, दीपेंद्र सिंह, त्रिलोचन, हर्षित, शुभम बहुगुणा आदि शामिल रहे।

सेवानिवृत्त सचिवों ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पूर्व में शिकायत के बाद भी भी ग्रेच्युटी, नकदीकरण, ग्रेड-पे सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलने पर सहाकारी समितियों के सेवानिवृत्त सचिवों ने रोष व्यक्त किया है।

समस्या के सबंध में समितियों से सेवानिवृत्त सचिवों की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि दस वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें ग्रेच्युटी, नकदीकरण, ग्रेड–पे का एरियार, एसीपी का लाभ नहीं दिया गया है। जबकि, पांचवे व छठवे वेतन एरियर का भी अब तक भुगतान नहीं किया गया है। यही नहीं बिना वरिष्ठता के आधार पर उनका भुगतान किया जा रहा है। जो नियमानुसार गलत है। सचिवो ने जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियों व सचिव महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक पर उनकी अनदेखी का आरोप लगाया। इस मौके पर कमलेश्वर प्रसाद बूडाकोटी, सुबोध प्रकाश देवरानी आदि मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः राठ महाविद्यालय पैठाणी छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस प्रोग्राम के तहत एक मोटिवेशनल व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता गढ़वाल विवि के पूर्व डीन तथा विभागाध्यक्ष प्रो.डीएस नेगी ने हिस्सा लिया। कई सालों से माइंड साइंस गहन अध्ययन कर रहे प्रो. नेगी ने कहा जो कुछ तुम चाहते हो उसे तुम अवश्य प्राप्त कर लोगे, शर्त ये है कि तुम अपने माइंड को कैसे ऑपरेट करते हो। अपने मन बुद्धि एवं आत्मा को निरंतर संयमित कैसे किया जा सकता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार नेगी ने कहा कि आज कि भागदौड़ की जिंदगी में अपने लिए कैसे समय निकालें और शान्ति अनुभव करें, इसके लिए यह विज्ञान आज की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देव कृष्ण थपलियाल ने किया। कार्यक्रम में डॉ. दुर्गेश नंदिनी, डॉ. लक्ष्मी नौटियाल डॉ. वीरेन्द्र चंद, राम सिंह नेगी, मगन सिंह भण्डारी, डॉ. मंजीत सिंह भण्डारी आदि मौजूद रहे।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव को लेकर हुई चर्चा

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के संस्थान नवाचार परिषद(आईआईसी) ने डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र (डीएसीई) के सहयोग से रविवार को चौरास परिसर में कर्टेन रेज़िंग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आगामी भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2024 के 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक गुवाहाटी, असम में होने वाले आयोजन को लेकर चर्चा की गई। आईआईसी–एचएनबीजीयू के अध्यक्ष डॉ. राम साहू ने कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आईआईएसएफ–2024 के उद्देश्य से परिचित कराते हुए राष्ट्रीय विकास में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया। विज्ञान संकाय के डीन प्रो. एस. सी. भट्ट ने छात्रों को भौतिकवाद के बजाय स्थायी मूल्यों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। अंबेडकर केंद्र के समन्वयक प्रो. एम. एम. सेमवाल ने नागरिकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़-ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

शर्मा सिस्टर्स के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम जन्मोत्सव

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कानुपर से आए बिट्टू व आलिया (शर्मा सिस्टर्स) के भजनों ने झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धलु पहुंचे हुए थे।

शनिवार रात नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में समारोह का आयोजन किया गया। महोत्सव में श्री श्याम प्रभु का मनमोहक श्रृगार किया गया था। बिट्टू व आलिया (शर्मा सिस्टर्स) 'मन की बातें सावरियां सुन ले..', 'संग हमारे कौन चलेगा..', 'रंगी गुब्बारों से मंडप सजाया है..', 'मिश्री मावे का केक मंगवाया है..', 'हारे का तू है सहारा सांवरे..', 'तुमको है पुकारा सांवरे..', 'इसकी छतरी के नीचे हूं मैं..','मुरती वाले श्याम मैं तेरा हो गया..', सहित अन्य मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। साथ ही उन्होंने शीश के दानी श्री खाटू श्याम की कथा भी सुनाई। इस दौरान भक्तों के ऊपर इत्र व पुष्प की वर्षा भी की गई। पूरी रात भक्त श्री श्याम के भजनों पर झमते रहे। भक्तों को भगवान श्याम का विशेष प्रसाद भी वितरित किया गया।

इस मौके पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, मनीराम शर्मा, वीरेंद्र रावत, प्रमोद रावत, कृष्ण कुमार कंसल, सुरेश बंसल, पंकज भाटिया, दिनेश ऐलावादी, रतन अग्रवाल, सुनील कर्णवाल, नरेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में आयोजित श्री श्याम मित्र मंडल जन्मोत्सव में भजनों की प्रस्तुति देती शर्मा सिस्टर

पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े छात्र

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः विकास खंड दुगड्डा की खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। आज पहाड़ के कई युवा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कहा कि खेल स्वस्थ शरीर व दिमाग को विकसित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसलिए विद्यार्थियों को विद्यालय में होने पर प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहिए। प्रतियोगिता में दुगड्डा ब्लाक की दस से अधिक टीमें प्रतिभाग कर रही है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी विद्यादत रतूड़ी, ज्येष्ठ उप प्रमुख अजयपाल रावत, क्षेत्र पंचायत आमसौड़ कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का परिचय लेती ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा

प्रतियोगिता में एकेश्वर ब्लॉक की टीम रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः 19 वीं जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता मैसमोर इंटर कॉलेज पौड़ी में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में एकेश्वर ब्लॉक की टीम ने पहला, यमकेश्वर ने दूसरा और पाबौ ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में जिले के 11 ब्लॉकों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम में 3–3 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अव्वल रहीं 6 टीमों ने मुख्य क्विज के लिए क्वालीफाई किया। मुख्य क्विज प्रतियोगिता में एकेश्वर, दुगड्डा, द्वारीखाल, यमकेश्वर, पाबौ, खिर्सू सहित 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी ने किया। विधायक ने छात्र–छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए ज्ञान को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ जीवन में अपनाने को कहा। उन्होंने भारत को श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिए आने वाली पीढ़ी को तकनीकी ज्ञान से जोड़ने के लिए और समय के साथ सजग रहने के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल एसबी जोशी ने कहा कि हमें अपने स्कूली पठन–पाठन के साथ–साथ सभी प्रकार की गतिविधियों में प्रतिभाग करना चाहिए। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता वास्तव में छात्रों के भविष्य को संवारने में एक मील का पत्थर साबित होगी। मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी, स्थल संयोजक डा. योगेंद्र सिंह, जिला समंवयक अविनाश जॉन, ब्लाक समंवयक जयदीप रावत, भवान सिंह नेगी, विक्रम सिंह रावत, मनोज काला, नवेंद्र नेगी, चंद्रमोहन असवाल, बलवंत सिंह नेगी, अनूप रावत, सुबोध कुकरेती, लक्ष्मण सिंह रावत, अनूप बड़थ्वाल, अनीता रावत, रविंद्र रौतेला, सुजाता सिंह, अनीता बौंठियाल, निर्मला गुसाईं, शशि बाला जोशी, शालिनी रावत आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट मैदान सीज करने पर आम आदमी पार्टी ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः सिम्मलचौड़ स्थित खेल मैदान को सीज किए जाने पर आम आदमी पार्टी के साथ ही पूर्व सैनिकों ने भी रोष व्यक्त किया है। कहा कि स्थानीय लोगों के लिए बनाए गए एकमात्र क्रिकेट मैदान को सीज करना ठीक नहीं है।

आम आदमी पार्टी के नेता एडवोकेट अरविंद वर्मा ने कहा कि सरकारी अधिकारी अपनी मनमानी चला रहे हैं। सिम्मलचौड़ स्थित खेल मैदान को सीज करना गलत है। यह मैदान युवाओं के साथ ही शहरवासियों के खेल का एक बेहतर स्थान था। यहां महिलाओं के लिए तीलू रौतेली महिला क्रिकेट टूर्नामेंट भी आयोजित किए जाते है। कहा कि ग्राउंड के संबंध में मुकदमा सिविल न्यायालय जूनियर डिवीजन कोटद्वार में बार एसोसिएशन बनाम जिलाधिकारी पौड़ी व उपजिलाधिकारी कोटद्वार पक्षकार है। विचाराधीन होने के बाद भी मैदान को सीज करना गलत है। इस मौके पर सुबोध ममंगाई, भास्कर बुड़ाकोटी, जीवन जलाल, संदीप, दीपक आदि मौजूद रहे।

संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की ओर से आयोजित की गई बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारःभाजपा नगर मंडल की ओर से आयोजित बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। कहा कि कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकजुट होकर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

रविवार को आयोजित बैठक का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश गौड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं कहा कि हम सभी को एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना होगा।

बताया कि वर्तमान में भाजपा लगातार शहर के बेहतर विकास के लिए कार्य कर रही है। यह कार्य बेहतर तरीके से आगे बढ़ते रहे इसके लिए हमें नगर निगम चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चुनाव की तैयारी के लिए कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज भाटिया, नेता हरीश खर्कवाल, राकेश मित्तल, अनिता आर्य, आशा कोठारी, मानेश्वरी बिष्ट, सूर्यकांत बलूनी, अमिताभ अग्रवाल, बीना रावत, संजय रावत, नीना बेंजवाल, संजीव थपलियाल, दीपक पांडेय, ओम बलूनी, सुरेंद्र बिजल्वाण, आशीष सतीजा, घनश्याम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते भाजपा पदाधिकारी

दीपिका व आरुषि दौड़े सबसे तेज

विकासखंड खिर्सू में आयोजित की गया ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारःविकास खंड खिर्सू में युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में ब्लाक स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस दौरान सौ मीटर दौड़ में दीपिका पोखरी व दो सौ मीटर दौड़ में आरुषि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख भवानी गायत्री, ग्राम ग्वाड़ की ग्राम प्रधान गीता देवी एवं समाज सेवी मोहन सिंह, खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भण्डारी ने किया। प्रथम दिन बालिका वर्ग 14 ,17 , एवं 20 का आयोजन किया गया। जिसमें में अंडर 17 में 100 मीटर दौड़ में प्रथम, दीपिका पोखरी द्वितीय, प्रिया चमराडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

200 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पर आरुषि श्रीनगर, द्वितीय स्थान पर शीतल, तृतीय स्थान पर पायल रावत रही। कबड्डी में पोखरी ने चमराडा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में 60 मीटर दौड़ में माधवी श्रीनगर प्रथम, सोनाक्षी कोटली द्वितीय स्थान पर रही। लम्बी खुद में माधवी चमराडा प्रथम, राशि चमराडा द्वितीय स्थान प्राप्त किया इस मौके पर युवा कल्याण अधिकारी भगवान सिंह गुसाईं, शिक्षक राकेश कैठेत, नवीन तोमर, मुकेश कुमार, विवेक कपरावन, दुर्गेश प्रसाद, रामेश्वर रावत, भास्कर रावत, पूनम जैन, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

आयोजित प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि

22 को होगा समिति का गठन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः सेवानिवृत्त वन अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति की नवीन कार्यकारणी का गठन 22 दिसंबर को किया जाएगा।

रविवार को पनियाली सभागार में समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र घिल्डियाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी व अधिकारी के हितों को लेकर कार्य करना है। इसके लिए समिति लगातार प्रयासरत है। कहा कि 22 दिसंबर को पुरानी कार्यकारणी भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया जाएगा। इस दौरान बैठक में समिति के आय-व्यय पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर बैठक का संचालन आरपी पंत ने किया। इस मौके पर अनिल कुकरेती, प्रमोद डोबरियाल, सुरेश मधवाल, केसी राम आदि मौजूद रहे।

निवर्तमान अध्यक्ष को जिला बदर करने पर भड़की कांग्रेस

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः स्वर्गाश्रम नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष माधव अग्रवाल को जिला बदर करने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि भाजपा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने का कार्य कर रही है। लेकिन, कांग्रेस जनता की सेवा से पीछे नहीं हटेगी।

रविवार को जिलाध्यक्ष विनोद डबराल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जनता भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों को समझ चुकी है। ऐसे में खिन्न भाजपा अब कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं व पदाधिरियों का शोषण कर रही है। ताजा मामला स्वर्गाश्रम में देखने को मिला जहां नगर पंचायत के निवर्तमन अध्यक्ष माधव अग्रवाल की लोकप्रियता से भाजपा इतनी डर गई कि उन्हें जिला बदर ही करवा दिया।

कहा कि भाजपा माधव को चुनाव से दूर रखने के लिए षडयंत्र रचा गया है। कहा कि भाजपा की इस कार्यप्रणाली के लिए अब कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाएगी।

इस मौके पर रमेश चंद्र खंतवाल, बलवीर सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, गोपाल सिंह गुसाईं, धर्मपाल सिंह, शैलेंद्र सिंह, श्रीधर प्रसाद केष्टवाल, कुलवत्त सिंह पुंडीर, मनोज रावत, महावीर, दीपक रावत, सुरेंद्र सिंह, गब्बर सिंह रावत, आदि मौजूद रहे।

पांगरखाल न्याय पंचायत खेल महाकुंभ हुआ शुरू

नई टिहरी। न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुम्भ का आगाज बौराड़ी खेल मैदान में न्याय पंचायत पांगरखाल की खेल स्पर्धाओं के साथ हुआ। खेल स्पर्धाओं का शुभारम्भ रविवार को बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ आलोक राम त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर त्रिपाठी ने कहा कि आज खेलों का वैश्विक महत्व है। इसलिए खेलों को भविष्य के रूप में देखें। पांगरखाल न्याय पंचायत में पहले दिन हुई स्पर्धाओं में 200 मीटर की बालक वर्ग दौड़ में समीक्षा उनियाल प्रथम, तमन्ना द्वितीय और कृष्टि तृतीय रहीद्ध 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में आदिशिखा रावत प्रथम, मीनाक्षी रावत द्वितीय व राधिका तृतीय रही। 60 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ में रंजना प्रथम, सुप्रिया द्वितीय व अन्नया तृतीय रही। 600 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ में प्रतीक्षा उनियाल प्रथम, दिव्या द्वितीय व कृदिमा तृतीय रही। 60 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में आदित्य कंडियाल प्रथम, युवराज सिंह द्वितीय व इशांत नेगी तृतीय रहे। 600 मीटर बालक वर्ग दौड़ में आर्यन चौहान प्रथम, सक्षम चौहान द्वितीय व अनिरूद्र तृतीय रहे। 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में पीयूष प्रथम, कृष्णा द्वितीय व दीपक रावत तृतीय रहे। दो दिनों तक चलने वाली खेल स्पर्धाओं में वी–14 एवं ओ–17 आयुवर्ग के छात्र–छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं।

मंडल गठन को भाजपा की कार्यशाला संपन्न

नई टिहरी। भाजपा संगठन चुनाव 2024 के तहत नई टिहरी मंडल कार्यशाला की बैठक टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय की मौजूदगी में रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में सपन्न हुई। जिसमें मंडल गठन को लेकर चर्चा की गई। नई टिहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य वक्ता मेहरबान सिंह रावत ने कहा कि सभी साथी सदस्यता अभियान को निरंतर अंजाम देते हुए संगठन की गठन की प्रक्रिया को तत्परता से पूरा करेंगे। जिसमें बूथ कमेटियों सहित शक्ति केंद्र के सहयोगियों में शक्ति केंद्र संयोजक और प्रभारी अपनी भूमिका निभाएंगे। पार्टी संगठन चुनाव के तहत मंडल गठन के लिए बैठक में एक वृहत रूपरेखा भी तय की गई।

चंद्र सिंह व हेमंत रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः युवा कल्याण विभाग थलीसैंण की ओर से विकास खंड स्तरीय महाकुंभ-2024 के द्वितीय दिन मुख्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान दौड़ में चद्र सिंह व हेमंत प्रथम स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन सिंह ने किया। इस दौरान बालक वर्ग में अंडर 14 व 17 की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।100 मीटर की दौड़ अंडर 17 में चंद्र सिंह बूगीधार प्रथम, करन सिंह पित्रसैंण द्वितीय, राहुल सिंह बघेली तृतीय स्थान पर रहा। 400 मीटर दौड़ अंडर 17 में हेमंत कैन्यूर प्रथम, करन सिंह पित्रसैंण द्वितीय व चंद्र सिंह बूगीधार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ अंडर में अवनीश नेगी चौरा प्रथम, कुलदीप सिंह कैन्यूर द्वितीय, पंकज सिंह पैठाणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो में प्रथम स्थान बूगीधार, द्वितीय स्थान कैन्यूर ने प्राप्त किया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष थलीसैंण, उप प्रधान शीशपाल सिंह, बृजमोहन भण्डारी, पंकज कोहली, धीरेन्द्र असवाल ,पप्पू कुमार ,आनंद सिंह, किरनबाला, रोशनी रावत, प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दिनेश चौहान ने किया।

अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि

माताओं को दिया कमला नेहरु पुरस्कार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल थलीसैंण में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमें उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्रों की माता को सरकार द्वारा प्रदत्त कमला नेहरू पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम में 16 माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जसवन्ती नेगी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बगवाड़ी, विशिष्ट अतिथि कृष्णा जुयाल, गुड्डी देवी, विनीता नेगी ग्राम प्रधान कैन्यूर आशाराम पोखरियाल ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर हरिश्चंद्र मंमगाई ने किया। जसवंती नेगी ने आधुनिक समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के योगदान के बारे में बताया। इसी प्रकार उपस्थित सभी अतिथियों ने महिलाओं की भूमिका व सामाजिक योगदान की सराहना की। अंत में प्रधानाचार्य अखिलेश शुक्ला द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर मनमोहन सिंह, अनूप, दिनेश, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि

बमणगांव में पांडव नृत्य देखने उमड़े लोग

नई टिहरी। क्वीली पट्टी के बमणगांव में आयोजित नौरता मंडाण पांडव नृत्य का हवन पूजन, प्रसाद वितरण और देवता के पश्वा से आशीर्वाद लेने के साथ ही समापन हो गया। पौराणिक देव संस्कृति के तहत श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम की खूब सराहना की। जिसमें क्वीली पट्टी के 7 गांवों के ग्रामीण और प्रवासी बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रत्येक तीसरे साल यह आयोजन किया जाता है। समिति के कोषाध्यक्ष नरेंद्र बिजल्वाण ने बताया कि महायज्ञ से जहां नई पीढ़ी को अपनी पौराणिक, धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं को जानने का मौका मिलता है। पंडित मनोहरी बिजल्वाण ने पांडवों का स्वर्णगारोहण गमन, स्वर्गारोहण पर्व कथा को छंदोवद्ध तरीके से सुनाया। जिसके देखकर ग्रामीणों की आंखें भर आई। ढोल सागर के ज्ञाता कालिदास, हुक्म दास और भगत दास की वाद्य कलाकारी से सभी ने तारीफ की।

आंदोलनकारियों ने सीएम को ज्ञापन भेजा, सख्त भू–कानून की मांग

नई टिहरी। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी मंच ने सीएम को ज्ञापन प्रेषित कर प्रदेश में सख्त भू–कानून और मूल निवास 1950 लागू करने की मांग की। जिले के प्रभारी मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल को भी ज्ञापन की प्रति भेजकर मांगों पर कार्यवाही की मांग की। राज्य आंदोलनकारियों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को डीएम के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर अवगत करायाआउटसोर्स भर्तियों में युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। आउटसोर्स के नाम पर भ्रष्टाचार भी प्रदेश में पनप रहा है। इसलिए सरकारी महकमों में केवल नियमित नियुक्तियां होनी चाहिए। इसके साथ ही उत्तराखंड में सशक्त भू–कानून लागू करने के साथ मूल निवास 1950 लागू किये जाने की मांग की। सरकारी, अर्द्धसरकारी, निगमों, बोर्डों और परिषदों में रिक्त पदों पर नियमित व पारदर्शी नियुक्तियां करने मांग की। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में लोकसभा व विधानसभा सीटों का परिसीमन क्षेत्रफल के आधार पर किया जाना चाहिए। उत्तराखंड के बेरोजगारों के लिए न्यूनतम ब्याज पर दीर्घकालिक ऋणों की व्यवस्था की बात रखी। टिहरी बांध के ऊपर 24 घंटे आवाजाही, बांध विस्थापितों–प्रभावितों को रियायती दरों पर बिजली–पानी देने की मांग की। उत्तराखंड को टिहरी बांध का 25 प्रतिशत अंशधारक बनाने, राज्य आंदोलन के इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करने, पर्याप्त मुआवजा देने, सरकारी नौकरी कर रहे आंदोलनकारियों को प्रोत्साहन देने, स्थाई निवास प्रमाण पत्रों की सघन जांच की मांग की।

एक नजर

चमोली में पदक विजेताओं का स्वागत

चमोली। राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रदेश में टाप थ्री स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का रविवार को स्वागत किया गया। जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी डीएस रावत ने कहा कि चमोली जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने कहा चमोली जिले से 21 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। खेल समन्वयक केसी पंत ने बताया राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में चमोली जिले के 79 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर 54 पदक जीते। जिनमें 8 स्वर्ण, 22 रजत तथा 24 कांस्य पदक प्राप्त किए। राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में चमोली के खिलाड़ियों के साथ खेल प्रशिक्षक गोपाल बिष्ट, अनूप रावत प्रदीप नेगी, बच्ची सिंह ग्वाल, हरेन्द्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, सीमा पुंडीर, बबीता भंडारी, कविता, सुनीता, पंचम रावत, विजय कंडेरी, जयबीर खत्री मौजूद रहे।

12 नवम्बर से हाट गांव में विष्णु सहस्त्र महायज्ञ

चमोली। छोटी काशी कही जाने वाले हाट गाँव के लक्ष्मी नारायण मंदिर में विष्णु सहस्त्र नामावली महायज्ञ आयोजन होगा। गोपेश्वर। छोटी काशी कहे जाने वाले हाट ग्राम में 300 वर्षों के बाद भगवान श्री लक्ष्मीनारायण के मंदिर में तीन दिवसीय विष्णु सहस्त्र नाम महायज्ञ 12 नवम्बर से आरम्भ होगा। रविवार को यह जानकारी देते हुए हाट के ग्राम प्रधान राजेन्द्र हटवाल ने बताया कि तीन दिवसीय अनुष्ठान में विष्णुसहस्त्र नाम महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ में प्रतिदिन भगवान विष्णु के 1000 नामों की स्तुति और हवन आहुति दी जाएगी। कहा पौराणिक काल में यह गांव देव भाषा संस्कृत का केंद्र हुआ करता था। जब बदरीनाथ के लिए मार्ग नहीं था। तब यह गांव भगवान बद्रीविशाल पैदल यात्रा का केंद्र था।

बेनीताल में वैज्ञानिकों ने खगोलीय घटनाओं का किया अवलोकन

चमोली। स्टार्सकेप्स और उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से एस्ट्रो विलेज बेनीताल में आयोजित नक्षत्र सभा में वैज्ञानिकों ने अद्वितीय खगोलीय घटनाओं का अवलोकन किया। इस दौरान शुक्रवार रात को आकाश में तारों की गतिविधियों को निहारकर एस्ट्रो फोटोग्राफी सत्र, और सांस्कृतिक समर्पण का अनुभव किया गया। बेनीताल घाटी में यह नक्षत्र सभा 10 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। जिला पर्यटन विकास अधिकारी बृजेंद्र पांडेय ने बताया कि प्रतिभागियों ने दूरबीनों की मदद से तौरिड्स उल्का वर्षा देखा। साथ ही, नंदा देवी जैवमंडल रिजर्व के निकटता से स्थानीय वनस्पति और जीवों पर चंद्रमा के चक्रों के प्रभावों के बारे में जानकारी ली गई। यह कार्यक्रम सभी आयु समूहों के लिए खगोल विज्ञान को सुलभ और रुचिकर बनाने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आसपास के ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ें। बेनीताल में तीन दिनों तक चलने वाले नक्षत्र सभा में टेलीस्कोप से सूरज के दाग देखना, रॉकेट बनाना और उनको लांच करना, टेलीस्कोप के काम करने के तरीके को समझना, 3डी में विशेष एस्ट्रोनॉमी शो देखना, रात के आकाश का अवलोकन आदि दिलचस्प कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। वहीं, इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह बना है। लोगों में खगोलीय घटनाओं को जानने की जिज्ञासा बनी है।

जीवन की पगडंडिया पुस्तक का विमोचन

चमोली। किताबें व्यक्ति और समाज को रास्ता दिखाती हैं। पुस्तकें पढ़ने की आदत अच्छी आदत है। गोपेश्वर में आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह में वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा किताबे समाज की असली सम्पत्ति है। रविवार को मुख्यालय गोपेश्वर नगर पालिका सभागार में कविताओं और अलग-अलग विषयों पर किताबें की लेखक रोशनी पोखरियाल की रचित जीवन की पगडंडिया पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में प्रख्यात लेखक अमरनाथ अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि डिजिटल दौर एवं पढ़ने वालों की घटती संख्या के बीच पुस्तकें लिखना सुखद क्षण हैं। कहा कि उतराखण्ड से सुमित्रा नन्दन पन्त, चन्द्र कुंवर वर्त्वाल जैसे प्रसिद्ध लेखक रहे हैं। उत्तराखंड में हर जगह लेखन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर भगत सिंह पोखरियाल, गोपेश्वर नगर पालिका के पूर्व अधिशासी शांति प्रसाद भट्ट, कलम क्रांति की सरंक्षक शशि देवली, राजा तिवारी, डॉ दर्शन सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी मौजूद रहे।

राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार से की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने पीपलचौरी चौराहे पर रविवार को श्रीयंत्र टापू कांड श्रीनगर में शहीद यशोधर बेंजवाल और राजेश रावत की स्मृति में और खटीमा, मसूरी, मुजफ्फरनगर कांड के शहीदों के नाम पर शहीद स्थल बनाए जाने की मांग की। राज्य आंदोलनकारी देवेंद्र फरस्वाण, केदार सिंह बिष्ट, सुखदेव पंत, प्रेमदत्त नौटियाल और डॉ मुकेश नौटियाल ने कहा कि राज्य के समस्त रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस अड्डों, सरकारी कार्यालयों में सभी आंदोलनकारियों के स्मृति चिह्न लगाकर आम जनता व आने वाले पीढ़ी को जनता के संघषी को बताने की बात कही। कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन में शहीद लोगों व असल आंदोलनकारियों को अभी तक सरकार द्वारा कोई प्रणाम पत्र तक नहीं दिया गया है। इस दौरान सभी लोगों ने सरकार से प्रमाण पत्र दिए जाने की मांग की। मौके पर प्रभाकर बाबुलकर, अरुण नेगी आदि मौजूद रहे।

कैंडल मार्च निकाल मार्चुला हादसे के मृतकों की शांति की कामना की

नई टिहरी। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा जनपद टिहरी गढ़वाल की रविवार को आयोजित बैठक में विकासखंड कीर्तिनगर में बीती 4 नवंबर को अल्मोड़ा मार्चुला में हुए सड़क हादसे में मृत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जबकि बीती देर शाम को संयुक्त मोर्चे के तत्वाधान में कर्मचारियों ने कैंडल मार्च निकालकर मृतकों की आत्म शांति की कामना की। बीती 4 नवंबर को ही राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा का सचिवालय घेराव का कार्यक्रम भी था। उसी दौरान ये दुःखद घटना का समाचार प्राप्त हुआ था। कीर्तिनगर में सभी विभागों के सभी कर्मचारियों ने कैंडल मार्च निकालकर मृत आत्माओं की शांति को भगवान से प्रार्थना की गई।

श्रीनगर पुलिस ने स्मैक तस्कर को दबोचा

श्रीनगर गढ़वाल। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए श्रीनगर पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसएसआई लोकेन्द्र बहुगुणा ने बताया कि 9 नवम्बर रात्रि करीब 10:15 बजे आरोपी तेजप्रकाश पुत्र लीलानंद उम्र 40वर्ष निवासी ग्राम डांग श्रीनगर को 9.390 ग्राम अवैध स्मैक के साथ थपलियाल भवन डांग श्रीनगर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। बताया कि तस्कर के पास से चार हजार रुपये नगद व एक इलेक्ट्रानिक तराजू भी बरामद हुआ है।

ऊर्जा निगम में नहीं सुलझ रहा प्रमोशन विवाद, प्रमोशन को लेकर जेई और एई संवर्ग आमने सामने

देहरादून। ऊर्जा निगम में सहायक अभियंता पद पर वरिष्ठता निर्धारण के साथ ही अधिशासी अभियंता के खाली पदों पर प्रमोशन का विवाद सुलझ नहीं रहा है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी यूपीसीएल मैनेजमेंट फैसला नहीं ले पा रहा है।

प्रमोशन को लेकर जेई और एई संवर्ग आमने सामने हैं। यूपीसीएल मैनेजमेंट के स्तर से अधिशासी अभियंता पद पर प्रमोशन न होने के कारण पहाड़ों के डिवीजनों की स्थिति बेहद लचर है। एक अधिशासी अभियंता पर चार चार डिवीजन का जिम्मा है। श्रीनगर में प्रोजेक्ट का जिम्मा संभाले ईई के पास श्रीनगर डिवीजन के साथ ही पौड़ी, नैनीडांडा डिवीजन का भी अतिरिक्त चार्ज है। क्योंकि जिस अधिशासी अभियंता के पास पौड़ी और नैनीडांडा का चार्ज है, वो ज्वाइन करने के बाद ही अवकाश पर चले गए हैं।

इतना ही नहीं ज्वालापुर हरिद्वार में अधिशासी अभियंता का जिम्मा संभालने वाले अर्जुन प्रताप के पास ही काशीपुर यूएसनगर सर्किल के एसई का भी जिम्मा है। इसी तरह की तमाम खामियां यूपीसीएल में हैं। ये सभी दिक्कतें अधिशासी अभियंता के 40 खाली पदों के कारण आ रही हैं। हाईकोर्ट साफ कर चुका है कि यूपीसीएल अपनी नियमावली के अनुसार वरिष्ठता निर्धारित करते हुए प्रमोशन करे। आदेश को लागू करने की बजाय यूपीसीएल मैनेजमेंट फिर हाईकोर्ट पहुंच गया है। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने बताया कि कोर्ट से स्पष्ट आदेश मिलते ही प्रमोशन कर दिए जाएंगे।

प्रभारी व्यवस्था में भी नहीं दिया जा रहा जिम्मा

यूपीसीएल में कई डिवीजनों का जिम्मा डिवीजन के वरिष्ठ सहायक अभियंताओं को भी दिया गया है। लेकिन अब मैनेजमेंट प्रभारी व्यवस्था में ईई का जिम्मा देने से भी बच रहा है। जबकि डिवीजनों में वरिष्ठ सहायक अभियंताओं को प्रभारी ईई का जिम्मा देकर स्थिति को संभाला जा सकता है। क्योंकि प्रमोशन होने पर भविष्य में इन्हीं एई ने ईई पद पर पदोन्नत होना है।

नशे को रोकने के लिए चलाएं जागरूकता अभियान

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक के उपली रमोली पट्टी के ग्राम पंचायत पोखरी में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में गांव बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त की। कहा कि गांव में नशे को रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक होने की जरूरत है। रविवार को ग्राम प्रधान सीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार ने शादी, विवाह से लेकर अन्य कार्यों में परोसी जा रही शराब पर चिंता व्यक्त की। कहा कि गांव में कॉकटेल पार्टी का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। जिस कारण युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसती जा रही है। उन्होंने नशे को अभिशाप बताते हुए हर ग्रामीण को इसका सामाजिक विरोध करना चाहिए। बैठक में नशा मुक्त संघर्ष समिति का गठन करते हुए राजेश पोखरियाल अध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह सचिव को सचिव चुना गया।

पुलिस ने चोरी की नकदी के साथ युवक को किया गिरफ्तार

नई टिहरी। थाना घनसाली पुलिस ने दुकान से चोरी के मामले में एक नेपाली मूल के युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को युवक के पास से चोरी की गई 48 हजार की नकदी भी बरामद की है। थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने बताया कि बीते 8 नवंबर को चमियाला बाजार स्थित दीपक ट्रेडर्स के मालिक गोविंद सिंह राणा ने थाने में उनकी दुकान से नकदी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। तहरीर में पीड़ित ने बताया कि नेपाली मूल के युवक प्रेम सिंह उर्फ लक्ष्मण ने उनकी दुकान का गल्ला तोड़कर नकदी चोरी कर लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरु की। पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ तथा सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपी प्रेम सिंह को ग्राम रेंसाल के पास घुत्तू रोड से गिरफ्तार किया।

नंदरसैंण मेले में सौंरू भौंरू को दर्शकों ने सराहा

चमोली। नंदासेंण में आयोजित पर्यावरण संवर्द्धन पर्यटन एवं विकास मेले डांडा मज्याड़ी के सांस्कृतिक दल की ओर से प्रस्तुत सौंरू भौंरू नाट्य कार्यक्रम का दर्शकों ने खूब सराहा। मेले में दूसरे दिन मुख्य अतिथि जलागम परिषद के उपाध्यक्ष रमेश गड़िया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है, बल्कि हमारी पारंपरिक कला एवं संस्कृति को भी संरक्षण मिलता है।

कहा यह मेला क्षेत्र के विकास व सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने का माध्यम बना है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। मानचित्र प्रतियोगिता के सब जूनियर में ऋषित प्रथम, कार्तिक द्वितीय व प्रियांशु तृतीय रहे। निबंध प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में निधि प्रथम, नंदनी द्वितीय व प्रिया तृतीय रहे। दौड़ 400 मीटर प्राथमिक वर्ग में बालक वर्ग में आरुष प्रथम, रूद्र द्वितीय व ललित तृतीय रहे। 400 मीटर प्राथमिक वर्ग बालिका वर्ग में नव्या प्रथम, सृष्टि द्वितीय व प्रियंका तृतीय रहे। दौड़ 400 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में गुरप्रीत प्रथम, शैलेश द्वितीय व हैप्पी तृतीय रहे। दौड़ 400 मीटर सब जूनियर बालिका वर्ग में श्रीयांशी प्रथम, मनीषा द्वितीय व पायल तृतीय रहे। 400 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग बालक में भारतभूषण प्रथम, अमित द्वितीय व समीर तृतीय रहे। दौड़ 400 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में कंचन प्रथम, मीना द्वितीय और कविता तृतीय रहे।

शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 552 शिक्षक सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल। देवप्रयाग के हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेजों में उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षक सहित माध्यमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

मौके पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। रविवार को ढुंडप्रयाग के समीप एक निजी होटल में देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विकासखंड कीर्तिनगर के 326 और देवप्रयाग के 226 शिक्षक सम्मानित किए गए। इस मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि विद्यालयों में हमारी आत्मा निवास करती है। कहा कि अगले वर्ष से प्रदेश सरकार प्रत्येक विकासखंड से हाईस्कूल के 5 और इंटरमीडिएट के 5 मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराएगी। कहा कि वह विगत कई वर्षों से देवप्रयाग विधानसभा के मेधावी छात्र-छात्राओं को अपने खुद के खर्चे पर शैक्षणिक भ्रमण करवाता आया हूं।

सरकार ने इस मुहिम को सराहते हुए अब प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड के 5-5 मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण करवायेगी। कहा कि अगले साल से वह दीदी भारत दर्शन कार्यक्रम संचालित करेगे। जिसमें सहायता समूहों की लीडर सम्मलित होगी। विधायक कंडारी ने कहा कि जल्द ही वह छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग की शुरुआत करेंगे। कहा कि सभी विद्यालयों को डिजिटल बोर्ड से आच्छादित हो सके इसके लिए वह प्रयास करेंगे। विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि देवप्रयाग विधानसभा के शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परीक्षा परिणाम दिया है। कार्यक्रम में आरएसएस के प्रांतीय सेवा प्रमुख पवन, खंड शिक्षा अधिकारी दमयंती रावत, निवर्तमान अध्यक्ष कैलाशी जाखी, भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र कुंवर, भाजपा मंडल कीर्तिनगर परमेंद्र पंवार, डॉ.वाईएस नेगी, शिव सिंह नेगी, महेंद्र कठैत, राजेश सेमवाल, किशोर सजवाण, दिलबर रावत, संजय बिष्ट, महेंद्र बंगवाल, नरेंद्र तिवाड़ी सहित आदि मौजूद रहे।

प्रतिबंधित गंगाघाटों के प्रति किया जागरूक

ऋषिकेश। लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्र में स्नान के लिहाज से प्रतिबंधित गंगाघाटों स्नान कर रहे लोगों को पुलिस ने जागरूक किया।

इस दौरान उन्हें खतरनाक स्थानों पर स्नान में जान के खतरे से भी अवगत कराया गया। सुरक्षित गंगाघाटों की जानकारी देकर वहां स्नान करने की सलाह दी गई। रामझूला चौकी प्रभारी उत्तम रमोला ने बताया कि गंगा में स्नान के दौरान डूबने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यह जागरूकता अभियान चलाया गया है। शुरूआत में लोगों को जागरूक कर उन्हें संबंधित स्थानों पर चस्पा पुलिस के चेतावनी बोर्ड को भी दिखाया जा रहा है। बावजूद, बाज नहीं आने वाले लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में पहुंचने वाले तीर्थाटकों से सुरक्षित गंगाघाटों पर ही स्नान की अपील भी की है।

पेंशनरों की पेंशन से कटौती बंद करे सरकार

ऋषिकेश। सेवानिवृत्त राजकीय पेशनर्स संगठन मुनिकीरेती-ढालवाला ने उत्तराखंड सरकार से गोल्डनकार्ड की ओपीडी निशुल्क करने के साथ पेंशन से अतिरिक्त कटौती बंद करने की गुहार लगाई है। चेताया कि सरकार ने पेंशनरों की समस्या का निदान न किया तो आंदोलन किया जायेगा। रविवार को ढालवाला में पेंशनर्स संगठन की मासिक बैठक हुई। संगठन के अध्यक्ष शूरवीर सिंह चौहान ने सरकार से मांग की कि पंजाब व हरियाणा सरकार की तर्ज पर अतिरिक्त कटौती बन्द की जाये। सचिव भगवती प्रसाद उनियाल ने कोषागार से समय पर पेन्शनरों की पेंशन का भुगतान करने। संगठन के कोषाध्यक्ष जबर सिंह पंवार ने सरकार से मांग की कि गोल्डन कार्ड की ओपीडी निःशुल्क एवं 35000 पेशनरों का पुनः गोल्डन कार्ड बनाने का शासनादेश निर्गत किया जाए। बैठक में संगठन के दिवंगत वरिष्ठ सदस्यों जय प्रकाश शर्मा,विपिन कुमार भट्ट व सल्ट बस दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में शीला रतूडी, प्रेमवती पांडेय, अनिता सेमवाल, शशि बंगवाल, उमा सेमवाल, सरोज सेमल्टी, हृदय राम सेमवाल, खुशहाल सिंह राणा, विजेन्द्र सिंह रावत, भोला सिंह बिष्ट, सूरतसिंह रावत, विश्वनाथ भट्ट, जोत सिंह सुरियाल, उत्तमनन्द भट्ट, परमानन्द रणाकोटि, कन्हैया लाल सेमवाल, प्रेमदत्त डिमरी, जयपाल सिंह नेगी, दिगम्बर वेदवाल, कृष्ण कुमार वर्मा, प्रेमसिंह चौहान, शान्ति प्रसाद उनियाल, गोपाल दत्त खण्डूडी, गोरा सिंह पोखरियाल, पुरुषोतम थपलियाल, संग्रामसिह राणा, क्षेत्रपाल सिंह नेगी, दिगम्बर वेदवाल, सुन्दरलाल चमोली, प्रवीनउनिपाल, जगमोहन थलवाल, ओम शर्मा, अनुसूया पैन्यूली, पूर्णानंद बहुगुणा, सहदेव लाटियान, मुरारी लाल भट्ट आदि उपस्थित रहे।

माईथान में पांच दिवसीय मेला आज दूसरे दिन भी रहा जारी

चमोली। खंसर घाटी के माईथान के मैदान में पांच दिवसीय राज्य स्थापना, सांस्कृतिक एवं किसान विकास मेला शनिवार से प्रारंभ हो गया। रविवार को मेले के दूसरे दिन विभिन्न क्षेत्र से आए महिला मंगल दलों और स्थानीय विद्यालयों ने अपने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां पेश की। जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। मेले के दूसरे दिन रविवार को काफी भीड़ उमड़ी तथा मेलाथियों ने महिला मंगल दलों और विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जम कर लुफ्त उठाया। मेले के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि भुवनेश्वरी महिला आश्रम के परियोजना प्रबंधक गिरीश डिमरी, एचपी गैरसैंण के प्रबंधक एचएस रावत व पूर्व जिपंस महेश जुयाल संयुक्त रूप से रहे। इस मौके पर मेला अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद, खंसर विकास समिति अध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट,जिला पंचायत सदस्य अवतार पुड़ीर, ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष पान सिंह नेगी, ममंदल ब्लॉक कोडिनेटर राधा बिष्ट, पूर्व प्रधान चंद्र सिंह नेगी आदि कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पांच दिवसीय इस मेले का समापन 13 नवंबर को लाटरी ड्रा उपरांत संपन्न होगा।

नेगीदा के लोक गीतों पर जमकर नाचे लोग

ऋषिकेश। ऋषिकेश में लोक गायक नरेन्द्र सिंह नेगी के गीतों की धूम रही। देर रात तक दर्शक पांडाल में नाचते रहे। लोक गायक नरेन्द्र नेगी ने अपने सुंदर लोकगीतों से लोगों को खूब आनंदित किया। इस दौरान एम्स में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान भी किया गया। एम्स ऋषिकेश में कार्यरत उत्तराखंड के मूल निवासियों द्वारा उत्तराखंड के 25 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार रात्रि टिहरी विस्थापित पशुलोक स्थित रॉयल गार्डन ऋषिकेश में समारोह का आयोजन किया गया है। यह समारोह अपनी माटी के प्रति प्रेम और सांस्कृतिक गौरव को बनाए रखने की एक अनूठी मिसाल थी। एम्स निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उत्तराखंड के लोक संगीत और संस्कृति के ध्वजवाहक, गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी द्वारा गढ़वाली गीत प्रस्तुत किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में लोग खूब झूमें। गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी ने अपने गीतों से समारोह को आकर्षक बना दिया। नरेन्द्र नेगी ने सुदि ति नि देखदी के सणि,सुरक खिड़की खोली, ठंडो से ठंडो मेरो पहाड़ की हवा ठंडो, डांडू जा फूल फुलैरा, रूम झूम सी ख्योल्यू तुम्हारी माया मां गीत गाये। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चले समारोह में मनमोहक नृत्य और गायन ने भरपूर मनोरंजन कर खूब तालियां बटोरीं।

छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर मंथन किया

ऋषिकेश। आवास-विकास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर मंथन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाकांत पंत और उप प्रधानाचार्य नागेन्द्र पोखरियाल, रामगोपाल रतूड़ी, अभिभावक संपति राणा एवं सुरेशानंद सेमवाल ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उनकी अर्द्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं भी दिखाई गईं। अभिभावकों ने भी छात्र-छात्राओं को बोर्ड में कैसे उत्कृष्ट प्रदर्शन हो इस पर अपने विचार व्यक्त किए। आचार्य वीरेन्द्र कंसवाल ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अभिभावकों को अपने बच्चों पर मेहनत करनी चाहिए। सुरेशानन्द सेमवाल ने कहा कि माता-पिता अनुभवी होते हैं और अपनी उम्र के दौरान इन सभी परीक्षाओं से गुजर चुके होते हैं। रामगोपाल रतूड़ी के संचालन में चले कार्यक्रम में शैवी दिवाकर, कर्णपाल बिष्ट, राजेश बडोला, नरेन्द्र खुराना,राजू शर्मा, सतीश चौहान विनय, सेमवाल, संदीप कुमार, अनिल भंडारी,रजनी गर्ग आदि मौजूद रहे।

सनातन धर्म की ध्वजा फहरा रहे संत समाज : प्रेमचंद अग्रवाल

ऋषिकेश। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने रविवार को महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास के 71वें जन्मोत्सव एवं दीक्षा समारोह में प्रतिभाग किया। मंत्री ने कहा कि संत समाज का सनातन धर्म की ध्वजा को फहराने में महत्त्वपूर्ण योगदान है। ब्रह्मपुरी स्थित श्रीराम तपस्थली आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम आंदोलन के दौरान स्वामी दयाराम दास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए रामभक्तों को एकत्र करने में एक अलग सी अलख जगाई। कहा कि स्वामी दयाराम दास का व्यक्तित्व सभी को प्रेरित करता है। महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास ने कहा कि आश्रम में लंबे समय से सड़क ना बन पाने कारण भक्तों को आवागमन में दिक्कतें महसूस हो रही थी। प्रभारी मंत्री टिहरी जनपद के रूप में जिला योजना समिति के मद से इस सड़क का निर्माण कराया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर दयाराम दास, महामंडलेश्वर डॉ रामेश्वर दास, महामंडलेश्वर डॉ सच्चिदानंद, महामंडलेश्वर भारत भूषण दास, महामंडलेश्वर विष्णुदास, महामंडलेश्वर अजय रामदास, परमानंद दास सहित सीताराम परिवार, धारी देवी कीर्तन मंडली, कात्यायनी कीर्तन मंडली, कुंजपुरी कीर्तन मंडली, सुरकुंडा कीर्तन मंडली से भक्तजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंडित रवि शास्त्री ने किया।

गंगा स्वच्छता को बैराज से दिउली तक दौड़

ऋषिकेश। गंगा स्वच्छता के लिए रविवार को दौड़ का आयोजन किया गया है, जिसमें ऋषिकेश समेत देशभर के विभिन्न राज्यों से दो हजार धावकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की 10 से 50 किलोमीटर की अलग-अलग श्रेणियों में 100 प्रतिभागियों ने जीत हासिल किया। विजेताओं को आयोजकों की ओर से अब पुस्कार का वितरण किया जाएगा। विवेकानंद यूथ कनेक्ट फाउंडेशन की ओर से आयोजित गंगा सस्टेनेबिलिटी रन 3.0 के तहत बैराज में सुबह करीब छह बजे धावक जुटे। परमार्थ निकेतन आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल और फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. राजेश सर्वज्ञ ने धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नीलकंठ मार्ग होते हुए पहले श्रेणी 10 किलोमीटर के धावक स्वर्गाश्रम और 21, 35 व 50 किलोमीटर श्रेणी में धावक गरूड़चट्टी, कालीकुंड और दिउली तक दौड़े। आयोजन में स्वामी चिदानंद ने मोक्षदायिनी गंगा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि गंगा भारत की पहचान है। उन्होंने गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने जोर दिया। वहीं, दौड़ में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने हिस्सा लिया। 72 वर्ष के बुजुर्गों में भी गंगा स्वच्छता को लेकर हुई दौड़ को लेकर काफी उत्साह नजर आया।

फोरेंसिक साइंस के गूढ़ रहस्यों से रूबरू हुए नर्सिंग विद्यार्थी

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में फॉरेंसिक नर्सिंग विषय पर रविवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संबंधित विषय से संबंधित गूढ़ जानकरियों से रूबरू कराया। बताया गया कि अपराध के प्रति लोगों को जवाबदेह ठहराने के साथ न्याय प्रणाली की सहायता करने में फॉरेंसिक नर्सिंग अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह महत्वपूर्ण विषय खासकर हिंसा, दुर्व्यवहार और आघात से जुड़े मामलों में चिकित्सक की देखभाल और कानूनी प्रणाली के बीच की खाई को पाटता है। अपराधों की जटिलतम गुत्थियों को सुलझाने में कानून के लिए मददगार साबित होता है। संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर मीनू सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में संकायाध्यक्ष अकादमिक प्रोफेसर डॉ. जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार मित्तल और प्राचार्य नर्सिंग प्रोफेसर डॉ. स्मृति अरोड़ा ने भाग लिया।

वक्ताओं ने महत्वपूर्ण आपराधिक मामलों के प्रबंधन और दुर्व्यवहार के पीड़ितों की देखभाल में नर्सों की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। डीन प्रो. जया ने बताया कि अब ऐसे मामलों की गंभीरता बढ़ गई है। लिहाजा नर्सेस साक्ष्य एकत्रीकरण, उन्हें संरक्षित करने और साक्ष्यों का दस्तावेजीकरण कर सकती हैं। जिनका उपयोग संबंधित केस की न्याय प्रक्रिया के दौरान आपराधिक जांच और कानूनी कार्यवाही में किया जा सकता है।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338